दैनिक
# किस्मत भीलवाड़ा


आवश्यकता है
राजस्थान के भीलवाड़ा से प्रकाशित सबसे तेज समाचार पत्र दैनिक किस्मत भीलवाड़ा को तहसील और जिला स्तर पर महिला/पुरुष संवाददाताओं की आवश्यकता है।
संपर्क करें
दैनिक किस्मत भीलवाड़ा
मो. 9214345421, 8233210027, 9828402526, 6376517605

Email. kismatbhilwara8888@gmail.com | वर्ष 3 अंक-40 | भीलवाड़ा सोमवार 21 जुलाई 2025 | मूल्य- 2 रूपये | REGN.NO .RAJHIN/2023/87379




'एक पेड़ मां के नाम' अभियान

# सीजेआई ने पौधरोपड़ कर देश को जिम्मेदारी का अहसास कराया

- पीएम मोदी ने कहा- वन महोत्सव में भागीदारी नागरिकों को प्रेरित करेगी
- मुख्य न्यायाधीश के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट के जजों ने भी लगाए पेड़
- दिल्ली सहित देशभर में पर्यावरण के संरक्षण का दिया संदेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में शनिवार को भारत के मुख्य न्यायधीश के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट के कई जज भी शामिल हुए। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और सहित सुप्रीम कोर्ट के अन्य न्यायाधीशों ने दिल्ली के रिज स्थित पीबीजी मैदान में पौधरोपण किया। इस दौरान दिल्ली के वन एवं पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी वहां मौजूद रहे। उन्होंने संदेश दिया कि दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। प्रधानमंत्री के 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान को आज बड़ा बढ़ावा मिला। कार्यक्रम में जस्टिस विक्रमनाथ, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस पी. श्री. नरसिम्हा, जस्टिस दीपांकर दत्ता, जस्टिस पंकज मित्तल, जस्टिस संजय करोल, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, जस्टिस केवी विश्वनाथन, जस्टिस एसवीएन भाटी सहित कई अन्य ने मां के नाम पौधे लगाए।



### वन मानवता की परंपरा के महत्वपूर्ण घटक

### वन हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए: सीजेआई

पौधरोपण कार्यक्रम में सीजेआई गवई ने कहा कि वन केवल हमारे ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भी हैं। उन्होंने विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। वह दिल्ली सरकार द्वारा वन महोत्सव 2025 के अंतर्गत दिल्ली रिज स्थित पीबीजी मैदान में विशाल पौधरोपण अभियान में बोल रहे थे।

### विकास अहम लेकिन कीमत को समझना होगा

सीजेआई ने दिल्ली की प्रदूषण से सलाना लड़ाई का जिक्र करते हुए कहा कि अक्टूबर आते ही सभी चिंतित होने लगते हैं। विकास महत्वपूर्ण है, लेकिन हमें इसके लिए चुकाई गई कीमत को भी समझना होगा। मानवता की परंपरा का हिस्सा रहे वन केवल हमारे ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भी हैं। वे दिल्ली के प्रदूषण को कम करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

### सीजेआई ने की सभी से जिम्मेदारी निभाने की अपील

सीजेआई ने सतत विकास पर उच्चतम न्यायालय के निरंतर जोर और प्रदूषण नियंत्रण पर उसके ऐतिहासिक परामर्शों पर प्रकाश डाला और सभी हितधारकों से राजधानी के पर्यावरणीय संकट से निपटने में अपनी साझा जिम्मेदारी को पहचानने का आग्रह किया।



### पीएम मोदी ने न्यायाधीशों की भागीदारी को सराहा

अभियान में न्यायाधीशों की भागीदारी को पीएम मोदी ने भी सराहा है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि वन महोत्सव में न्यायाधीशों की भागीदारी हर किसी को प्रेरित करने वाली है। मुझे विश्वास है कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को इससे एक नई गति मिलेगी।

### सिरसा बोले- यह सशक्त संदेश

दिल्ली के वन मंत्री सिरसा ने सीजेआई वई और अन्य न्यायाधीशों को उनकी भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि उनकी उपस्थिति ने सामूहिक रूप से किए गए कार्य के महत्व का एक सशक्त संदेश दिया। सिरसा ने कहा कि जैसा कि प्रधान न्यायाधीश ने सही कहा है, दिल्ली के पर्यावरण की रक्षा के लिए सामूहिक जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है।

## खबर संक्षेप

### घोड़े से गिरकर घायल हुईं पूर्व मंत्री लेखी



**पिथौरागढ़।** कैलाश मानसरोवर यात्रा के दूसरे दल में शामिल पूर्व केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी तिब्बत के दारचिन में घोड़े से गिरकर घायल हो गईं। उनकी कमर में गंभीर चोट आई है। उन्हें रेस्क्यू कर वापस लाया जाएगा। धारचूला के नाभिढांग से उन्हें हेलीकॉप्टर से देहरादून पहुंचाने की योजना है इसकी तैयारी प्रशासन ने की है।

### पिकअप को ट्रेलर ने मारी टक्कर, 4 की मौत



**बलिया।** यहां के नरहीं थाना क्षेत्र के तेतारपुर गांव से रविवार की दोपहर में 25 श्रद्धालु पिकअप वैन पर सवार होकर बाबा धाम जलाभिषेक करने जा रहे थे। बिहार के बेगूसराय में ट्रेलर ने पिकअप में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में लाची देवी और हरेंद्र राजभर की मौके पर मौत हो गई। मुघुन राजभर और घुरूहू राम की बाद में मौत हुई।

### भूमि का बंटवारा से इनकार, 5 ने खाया जहर



**नालंदा।** जिले के पावापुरी में एक ही परिवार के 5 सदस्यों द्वारा जहर खाकर आत्महत्या करने के मामले में चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। मृतक धर्मेंद्र कुमार, जो शेखपुरा जिले के पुरनकामा गांव के रहने वाले थे, लंबे समय से कर्ज और पारिवारिक विवाद से परेशान थे। धर्मेंद्र के सगोत्री के लोगों ने पुश्तैनी 9 बीघा जमीन को बांटने से मना किया था।

### 'केरल में कांग्रेस ने भाजपा के साथ किया गठबंधन'



**नई दिल्ली।** माकपा नेता जॉन ब्रिटास ने राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राज्य इकाई ने भाजपा के साथ गठबंधन किया है। जॉन ने राहुल के उस टिप्पणी पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे वैचारिक रूप से माकपा और संघ, दोनों से लड़ रहे हैं।

## संसदीय कार्यमंत्री रिजिजू ने बताई सरकार की योजना

# 100 सांसदों ने कर दिए हस्ताक्षर, इसी सत्र में जस्टिस वर्मा के खिलाफ आएगा महाभियोग

संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। इसमें विपक्ष कई मुद्दों पर सरकार को घेरने की प्लानिंग कर रहा है। दूसरी ओर दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर मिले जले हुए नोटों का मुद्दा भी काफी अहम है। इस मामले पर पहले भी काफी वार-पलटवार हो चुके हैं।



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। इसमें विपक्ष कई मुद्दों पर सरकार को घेरने की प्लानिंग कर रहा है। दूसरी ओर दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर मिले जले हुए नोटों का मुद्दा भी काफी अहम है। सुप्रीम कोर्ट की रिपोर्ट के जस्टिस वर्मा के खिलाफ संसद में महाभियोग प्रस्ताव आने का अनुमान है। इसको लेकर ही अब संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने अहम टिप्पणी की है। दरअसल, संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने मानसून सत्र शुरू होने से एक दिन पहले बताया कि जस्टिस वर्मा के खिलाफ संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए 100 से ज़्यादा सांसदों ने अपनी सहमति पर हस्ताक्षर किए हैं। नकदी बरामदगी ने न्यायपालिका में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोपों को जन्म दिया, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने जांच शुरू की। 3 सदस्यीय पैनल ने उनके खिलाफ महाभियोग चलाने की सिफारिश की है और जज ने इसे शीर्ष अदालत में चुनौती दी है।

### अदालत के पैनल ने कार्रवाई की सिफारिश की, जस्टिस ने शीर्ष कोर्ट में दी चुनौती

**खास बातें**
- समिति ने की थी इस मुद्दे पर जांच पड़ताल
- कमेटी ने दी कार्रवाई के लिए स्वीकृति
- घर में जली नकदी मिलने का मामला



### संसद की सर्वोच्चता को मिलेगी अहमियत

जस्टिस वर्मा के कैश कांड के बाद सत्ताधारी पार्टी के कई नेता सुप्रीम कोर्ट पर न्यायिक अतिक्रमण का आरोप लगाने और संसद की सर्वोच्चता को बढ़ावा देने का मामला सामने आया है। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार एक बेहद संवेदनशील मामला है और सभी राजनीतिक दल इस मुद्दे पर एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि रकार इसी सत्र में न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाएगी।

### इसके लिए सदन के दो-तिहाई सांसदों का समर्थन होना जरूरी

संविधान के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय के किसी भी जज को केवल सिद्ध कदाचार या अक्षमता के आधार पर राष्ट्रपति के आदेश द्वारा ही पद से हटाया जा सकता है। ऐसे मामले में महाभियोग का प्रस्ताव तभी स्वीकार किया जाएगा, जब उसे राज्यसभा में कम से कम 50 सदस्यों या लोकसभा में कम से कम 100 सदस्यों का समर्थन प्राप्त हो। इस प्रस्ताव को पारित होने के लिए सदन के दो-तिहाई सांसदों के समर्थन की आवश्यकता होगी।

### कांग्रेस भी इस मसले पर सरकार के साथ

इस मामले में कांग्रेस भाजपा के साथ आ गई है। सूत्रों ने बताया कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित लगभग 35 लोकसभा सांसदों ने न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं।

### यह सभी सांसदों का काम, अकेले सरकार का नहीं

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि जस्टिस वर्मा मामले में सभी पक्ष मिलकर प्रक्रिया अपनाएंगे। यह अकेले सरकार का कदम नहीं है। मामले को लेकर हस्ताक्षर की प्रक्रिया चल रही है और यह पहले ही 100 को पार कर चुका है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद विभिन्न दलों के साथ सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों की बैठकें बहुत अच्छी और प्रभावी रहीं और उन सभी अच्छे अनुभवों को राष्ट्र के सामने साझा किया जाना चाहिए।

### सभी दलों ने सरकार का साथ दिया

जस्टिस वर्मा वर्तमान में इलाहाबाद हाई कोर्ट में कार्यरत हैं। हालांकि उन्हें कोई न्यायिक कार्य नहीं सौंपा गया है। दिल्ली हाई कोर्ट में जज रहने के दौरान उनके आवास से जली हुए नोटों की गड्डियां मिली थीं। इससे पहले रीजिजू ने शुक्रवार को कहा था कि न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने के मुद्दे पर सभी राजनीतिक दल एकमत हैं। न्यायमूर्ति वर्मा के आवास से नोटों की जली हुई गड्डियां मिली थीं।

### आंतरिक जांच में जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया गया

तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के आदेश पर हुई आंतरिक जांच में उन्हें दोषी ठहराया गया है। न्यायमूर्ति वर्मा ने किसी भी गलत कार्य में संलिप्त होने से इनकार किया है, लेकिन सुप्रीम द्वारा गठित आंतरिक जांच समिति ने निष्कर्ष निकाला है कि न्यायाधीश और उनके परिवार के सदस्यों का उस स्टोर रूम पर गुप्त या सक्रिय नियंत्रण था, जहां नकदी पाई गई थी। इससे यह साबित होता है कि मामला गंभीर है और उन्हें हटाया जाना चाहिए।

## पीएनजीआरबी से घरेलू गैस उपभोक्ताओं को राहत



# सभी को एक समान रेट पर मिलेगी पाइपलाइन से गैस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गैस पाइप का उपयोग करने वाले घरेलू उपभोक्ता के लिए राहत की खबर है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने सभी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे पाइप से मिलने वाली घरेलू रसोई गैस (पीएनजी) की कीमत हर उपभोक्ता के लिए एक समान रखें, चाहे वह कितना भी गैस इस्तेमाल करे? सरकार शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को बाजार मूल्य से कम कीमत पर पीएनजी आवंटित करती है, ताकि वे इसे घरों में पाइप्ड प्राकृतिक गैस के रूप में बेच सकें। इसकी कीमत बाजार से कम होती है। यह सब्सिडी वाली गैस खास तौर पर घरेलू इस्तेमाल के लिए होती है ताकि आम लोगों को सस्ती दर पर रसोई गैस मिल सके। लेकिन पीएनजीआरबी ने पाया कि कुछ कंपनियां घरेलू उपभोक्ताओं पर टेलिस्कोपिक प्राइसिंग लागू कर रही हैं।

### कॉमर्शियल के चलते घरेलू उपभोक्ता प्रभावित

मामले में रेगुलेटर का कहना है कि यह तरीका गलत है, क्योंकि इससे कुछ कॉमर्शियल उपभोक्ता खुद को घरेलू उपभोक्ता बताकर सस्ती गैस का फायदा उठा सकते हैं। असली घरेलू उपभोक्ताओं को ज्यादा इस्तेमाल करने पर अनावश्यक रूप से ज्यादा बिल देना पड़ रहा है, जबकि कंपनियों को गैस एक ही रेट पर मिल रही है।

### खपत के पैटर्न की जांच भी की जाएगी

पीएनजीआरबी ने कहा कि हर घरेलू उपभोक्ता को गैस एक ही रेट पर दी जाए, चाहे वह कितनी भी गैस क्यों न इस्तेमाल करे। साथ ही सीजीडी कंपनियां खपत के पैटर्न की जांच करें और जिन उपभोक्ताओं की खपत असामान्य रूप से ज्यादा है, उनकी जांच कर उचित कार्रवाई करें। इससे गड़बड़ी और सब्सिडी के गलत इस्तेमाल को रोका जा सकेगा।

## ईडी ने दो वकीलों को किया था तलब

# इस पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान, आज सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसियों के वकीलों को तलब करने के मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। शीर्ष अदालत इस मामले में सोमवार को सुनवाई करेगा। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ करेगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)ने हाल ही में वरिष्ठ वकील अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब किया था। इसे लेकर ईडी ने कहा कि उसने अपने जांच अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने मुवक्किलों के खिलाफ चल रही जांच में किसी भी वकील को समन जारी न करें। मनी लांड्रिंग मामलों की जांच कर रही ईडी ने एक आदेश जारी किया है। कहा गया कि किसी भी वकील को कोई समन जारी नहीं किया जाना चाहिए।

## 'शारदा' की छात्रा के सुसाइड में खुलासा

# प्रोफेसर ने चप्पल मारने और फेल करने की दी थी धमकी

एजेंसी ▶▶ ग्रेटर नोएडा



यहां के शारदा विश्वविद्यालय के हॉस्टल में आत्महत्या करने वाली छात्रा ज्योति शर्मा अगस्त में होने वाली परीक्षा से पहले प्रोजेक्ट पर प्रोफेसरों के हस्ताक्षर नहीं करने से आहत थी। छात्रा की मां सुनीता के मुताबिक अगस्त में तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा होनी है।

छात्रा ने मेडिकल प्रोजेक्ट के तौर पर डेंचर (बत्तीसी) पर प्रोजेक्ट तैयार किया था। 30 नंबरों के इस प्रोजेक्ट पर विभाग के प्रोफेसरों के हस्ताक्षर होने थे। शुक्रवार को छात्रा प्रोजेक्ट की फाइल पर हस्ताक्षर कराने के लिए गई थी। प्रोफेसरों ने हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। छात्रा के प्रोजेक्ट की फाइल भी फेंक दी गई। प्रोफेसर ने चप्पल फेंककर मारने की बात कही। जिससे छात्रा आहत हो गई। मां का दावा है कि सारी बातें डीन को पता थी।

## केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मांडविया




### 'संडे ऑन साइकिल' रैली में दिया संदेश

**वाराणसी।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को वाराणसी के बीएचयू में 'फिट इंडिया' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने 'फिट इंडिया' मूवमेंट के तहत आयोजित किए गए 'संडे ऑन साइकिल' रैली का नेतृत्व किया। 'फिट इंडिया' मूवमेंट के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में बीएचयू के छात्रों और ड्रग-फ्री यूथ कैंपेन के स्वयंसेवकों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच फिटनेस और नशा-मुक्त जीवनशैली का संदेश देना है।

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थरूर का बड़ा बयान

सांसद देश को बनाने का जरिया

# राष्ट्र संकट में हो तो पार्टी हितों को छोड़कर देशहित और सुरक्षा सर्वोपरि

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. शशि थरूर ने कहा कि उनके लिए 'देश पहले है, पार्टी बाद में।' उन्होंने जोर देकर कहा कि राजनीतिक दल देश को बेहतर बनाने का जरिया होते हैं और सभी पार्टियों को उस मकसद तक पहुंचने के अपने-अपने तरीके अपनाने का हक है। तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर कोच्चि में शांति, सौहार्द्र और राष्ट्रीय विकास विषय पर एक निजी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

'मेरे लिए देश पहले, पार्टी बाद में'

### देश के प्रति निष्ठा होनी चाहिए



थरूर ने कहा कि आपकी पहली निष्ठा किसके प्रति होनी चाहिए? मेरे हिसाब से देश के प्रति। राजनीतिक दल देश को बेहतर बनाने का एक माध्यम होते हैं। सभी पार्टियों का एक ही उद्देश्य होता है, देश को आगे ले जाना, भले ही तरीका अलग हो। उन्होंने ये भी कहा कि कुछ लोग उनकी आलोचना कर रहे हैं क्योंकि उन्होंने हाल ही में सीमा से जुड़े मुद्दों और सशस्त्र बलों के मामलों में सरकार और फौज का समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि मैं अपनी बात पर कायम रहूंगा।

### राष्ट्र हित में सभी दल साथ आएं

थरूर ने कहा कि राजनीति एक तरह की स्पर्धा है। हम अपने दलों की विचारधाराओं और मूल्यों का सम्मान करते हैं, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर पार्टियों को मिलकर काम करना चाहिए।

## एयर इंडिया दुर्घटना के बाद टाटा समूह का अहम कदम

# टाटा संस ने पीड़ितों के लिए बनाया 500 करोड़ का ट्रस्ट



एजेंसी ▶▶ मुंबई

टाटा संस ने शुक्रवार को मुंबई में 500 करोड़ रुपए के एक पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन औपचारिक रूप से पूरा कर लिया। यह ट्रस्ट 12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई-171 की दुखद घटना के पीड़ितों को समर्पित है, जिसमें 260 लोग मारे गए थे। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस ट्रस्ट का नाम 'एआई-171 मेमोरियल एंड वेलफेयर ट्रस्ट' होगा।

### ट्रस्ट का नाम 'एआई-171 मेमोरियल एंड वेलफेयर ट्रस्ट' होगा

तत्काल और निरंतर सहायता मिलेगी



### टाटा संस और टाटा ट्रस्ट्स 250-250 करोड़ देंगे

टाटा संस और टाटा ट्रस्ट्स ने ट्रस्ट के परोपकारी कार्यों के लिए 500 करोड़ रुपए (दोनों ने 250-250 करोड़ रुपए) देने का संकल्प लिया है। इसमें मृतकों के लिए 1 करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि, गंभीर रूप से घायलों का इलाज और दुर्घटना में क्षतिग्रस्त भवनों की पुनर्निर्माण सहायता शामिल है।

### संकट को कम करने में मददगार

कंपनी ने कहा कि ट्रस्ट दुर्घटना के बाद अमूल्य संस्थागत सहायता और सेवा प्रदान करने वाले फर्स्ट रेस्पॉन्डर्स, मेडिकल और आपदा राहत पेशेवरों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और सरकारी कर्मचारियों को हुए किसी भी आघात या संकट को कम करने के लिए सहायता भी प्रदान करेगा।

### ट्रस्टियों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी

ट्रस्ट का प्रबंधन और प्रशासन 5 सदस्यीय न्यासी बोर्ड द्वारा किया जाएगा। बोर्ड में नियुक्त शुरुआती दो ट्रस्टी टाटा समूह के पूर्व दिग्गज एस. पद्मनाभन और टाटा संस के जनरल काउंसल सिद्धार्थ शर्मा हैं। टाटा संस ने कहा कि अतिरिक्त ट्रस्टियों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी। कर अधिकारियों के साथ आवश्यक रजिस्ट्रेशन और वर्तमान में चल रही अन्य परिचालन औपचारिकताओं के पूरा होने के बाद ट्रस्ट को फंड दिया जाएगा।

## शीतल स्वाध्याय समिति काशीपुरी के चुनाव,सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित



किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा,20 जुलाई।** शीतल स्वाध्याय समिति काशीपुरी की साधारण सभा की वार्षिक बैठक एवं चुनाव प्रक्रिया रविवार को दोपहर 3:30 बजे शीतल स्वाध्याय भवन काशीपुरी भीलवाड़ा पर संपन्न हुई । चुनाव अधिकारी भूपेंद्रसिंह पगारीया एवं सुशील चपलौत के सानिध्य में चुनाव संपन्न हुए। इसमें संरक्षक मीठालाल सिंघवी एवं मानसिंह भंडारी, अध्यक्ष वीरेंद्र मेहता, उपाध्यक्ष बहादुर लोढ़ा, मंत्री अशोक कोठारी, कोषाध्यक्ष विनीत बाबेल एवं सह मंत्री रघुवीरसिंह भंडारी को चुना गया। सभी पदों पर चुनाव निर्विरोध हुआ। वरिष्ठ सदस्य सुरेंद्र चौधरी, नवरतनमल बंब, प्रेम कोठारी, जगमोहन चौधरी विक्रम चौधरी, भंवरलाल सुराण, माणक पीपाड़ा,सुनील पीपाड़ा, निर्मल बाफना, राजेंद्र कोठारी अरुण चौधरी, गौतम कोठारी, मनीष चौधरी,सिद्धार्थ कोठारी महावीर,कोठारी अजय मेहता, जितेंद्र मेहता सभी शीतल स्वाध्याय समिति सदस्य उपस्थित थे।

## केकड़ी में गोशाला स्थापना दिवस गो-पूजन और हवन के साथ मनाया गया



किस्मत भीलवाड़ा

**केकड़ी,** 20 जुलाई। कादेड़ा रोड स्थित बढ़ते कदम गौशाला संस्थान का 8वां स्थापना दिवस रविवार को वैदिक हवन, गो-पूजन और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया गया। विधायक शत्रुघ्न गौतम ने गोसेवा को सर्वोच्च पुण्य बताया। RSS प्रचारक कैलाश शर्मा और संत रामशरण महाराज ने भी गौसेवा का महत्व बताया। कार्यक्रम में लापसी और हरा चारा खिलाकर गोमाताओं की सेवा की गई। कई श्रद्धालुओं ने आजीवन सदस्यता ली। बड़ी संख्या में गौभक्त शामिल हुए। अध्यक्ष अशोक पारीक ने आभार जताया और संचालन आनंदी राम सोमानी ने किया।

## केशावत परिवार ने मां के नाम लगाए 51 पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया भावनात्मक संदेश



किस्मत भीलवाड़ा

**केकड़ी,** मानपुरा निवासी केशावत परिवार ने "एक पौधा मां के नाम" अभियान से प्रेरित होकर अपनी माता केसर कंवर के नाम 51 पौधे लगाए। रणजीत सिंह केशावत ने बताया कि मां जीवन की छांव होती हैं, और ये पौधे भविष्य में उसी छांव, हवा और जीवन का प्रतीक बनेंगे। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ भावनात्मक रिश्तों को भी प्रकृति से जोड़ने का संदेश देती है। कार्यक्रम में उम्मेदसिंह, राजेन्द्र सिंह, लाड़ कंवर, सहित परिवार के सभी सदस्यों ने भाग लिया और पौधों की देखभाल का संकल्प लिया।

## शिवगंज से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ श्री विश्वकर्मा युवा दल



किस्मत भीलवाड़ा

**शिवगंज।** श्री विश्वकर्मा वंश सुथार समाज सेवा समिति शिवगंज एवं श्री वंश सुथार युवक समिति शिवगंज के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष धार्मिक यात्रा का आयोजन किया गया। सुथार समाज के युवाओं का दल सीक्वेंस सुमेरपुर से अयोध्या धाम एवं वाराणसी स्थित विश्वनाथ मंदिर के दर्शन हेतु रवाना हुआ। यात्रा का उद्देश्य धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करना एवं युवाओं को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना रहा। समाज के पदाधिकारियों ने दल को शुभकामनाएं देते हुए मंगलमय यात्रा की कामना की।

## डॉ. प्यारेलाल शिवरान बने सिरोही जिले के नए पुलिस अधीक्षक

किस्मत भीलवाड़ा



**सिरोही।** राजस्थान सरकार द्वारा प्रशासनिक फेरबदल के तहत डॉ. प्यारेलाल शिवरान को सिरोही जिले का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। वे अब जिले की कानून व्यवस्था की कमान संभालेंगे। डॉ. शिवरान एक अनुभवी और कर्मठ अधिकारी माने जाते हैं। जिलेवासियों में नई नियुक्ति को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि उनके नेतृत्व में अपराध नियंत्रण और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली में और सुधार होगा।

## आकोला के शिव भक्त त्रिवेणी संगम से लायेंगे कावड़ यात्रा

आकोला में रूद्र महादेव का करेंगे जलाअभिषेक



**आकोला** कस्बे सहित क्षेत्र के होलीरड़ा गांवो के शिव भक्त त्रिवेणी संगम से कावड़ यात्रा सोमवार को लायेंगे। कावड़ यात्रा संघ के सदस्य हरि लाल जाट व नारायण साहू ने बताया कि इस दिन प्रात: 8:15 बजे त्रिवेणी संगम (बीगोद) से कावड़ यात्री जल भरकर रवाना होंगे जो आकोला दर्जी मोहल्ले में स्थित रूद्र महादेव का जलाभिषेक करेंगे । इसमें बड़ी संख्या में शिव भक्त भाग लेंगे। इसके सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# शिवभक्ति की गूंज से गूंज उठा भीलवाड़ा, भव्य कांवड़ यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

### श्रावण मास में श्रद्धा,आस्था और एकता का अनुपम संगम







किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा,** श्रावण मास के पावन पर्व पर भीलवाड़ा शहर शिवभक्ति के रंग में रंग गया। पूर्वांचल जनचेतना सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित भव्य दिव्य कांवड़ यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर महादेव के जयकारों से संपूर्ण शहर को गुंजायमान कर दिया। यह विशाल यात्रा निंबार्क आश्रम, गांधीनगर से हरणी महादेव मंदिर तक पूरे भक्तिभाव और उत्साह के साथ सम्पन्न हुई। यात्रा की शुरुआत पूज्य महंत श्री 108 मोहन शरण जी महाराज के सान्निध्य में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस अवसर पर महंत बनवारी शरण काठिया बाबा, महंत बाबूगिरी, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, महापौर राकेश पाठक, पूर्व राज्यमंत्री धीरज गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी मौजूद रहे। सभी ने झंडी दिखाकर कांवड़ यात्रा को रवाना किया। कांवड़ यात्रा के दौरान शिव नाम के जयघोष, ढ़ोल-नगाड़ों की थाप, भजनों की मिठास और श्रद्धालुओं की आस्था से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। "बोल बम" के नारों से शहर की गलियां गूंज उठीं और एक अद्भुत ऊर्जा का संचार हुआ। हरणी महादेव मंदिर पहुंचने पर यात्रा का विधिवत समापन हुआ। वहां विशेष पूजा-अर्चना, शिव आरती और प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने दर्शन और प्रसाद का लाभ लिया। मीडिया प्रभारी विक्रम झा ने बताया कि यात्रा मार्ग में पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा, भजन मंडलियां, सुरक्षा एवं प्रसादी जैसी सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराई गईं। नगर प्रशासन, पुलिस और स्वयंसेवकों ने विशेष सहयोग किया। समिति अध्यक्ष अरुण राय ने आयोजन की सफलता पर समस्त श्रद्धालुओं, प्रशासन, भजन मंडलियों, पत्रकारों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस आयोजन को "आस्था, ऊर्जा और एकता का अद्वितीय संगम" बताया। इस पावन अवसर पर समिति संरक्षक डॉ. अशोक सिंह, सचिव ओमप्रकाश सिंह, कोषाध्यक्ष कृष्णा महतो, शक्ति नाथ ठाकुर, जगन्नाथ झा, रोशन सिंह, सुरेश चंद्रवंशी, हंसराज यादव सहित बड़ी संख्या में समिति पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### काचीगुडा भगत की कोठी एक्सप्रेस ट्रेन का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

## रेलवे स्टेशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विन वैष्णव व सांसद दामोदर अग्रवाल के जयकारों से हुआ गुंजायमान





किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा।** काचीगुडा भगत की कोठी एक्सप्रेस ट्रेन का प्रथम बार भीलवाड़ा आने पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत सत्कार किया। साँसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि भीलवाड़ा में पहली बार आयी काचीगुडा भगत की कोठी एक्सप्रेस ट्रेन का आने पर भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया व पूरी ट्रेन को मालाओ से लाद दिया और ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों का भी स्वागत किया गया । कार्यकर्ताओं ने ट्रेन के इंजिन पायलट व सहायक पायलट का माला पहनाकर कर अभिवादन किया। रेलवे स्टेशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , रेल मंत्री अश्विन वैष्णव व सांसद दामोदर अग्रवाल के जयकारों से गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम में ZRRCU सदस्य प्रेम स्वरुप गर्ग, अनिल अग्रवाल, देवेन्द्र डाणी, जगदीश डिडवानिया, विमल जैन, DRUCC सदस्य राकेश कसेरा, गोतम शर्मा, रामानुज सारस्वत ,,केलाश सुवालका, लंकेश पाराशर, हेमेंद्र उपरेडा पूरण डिडवानिया, छोटू पूर्बिया,नारायण जाट मुकेश शास्त्री, हरीश हिंदुस्तानी विशाल व्यास अरुण जैन आदि उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब का 29 वा पद स्थापना व शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

किस्मत भीलवाड़ा



**गुलाबपुरा** लायंस क्लब बिजयनगर का 29 वा पद स्थापन व शपथ ग्रहण समारोह कोगटा पैराडाइज में संपन्न हुआ । समारोह में मुख्य अतिथि उप प्रांतपाल द्वितीय लायन सी पी विजयवर्गीय, पद स्थापन शपथ ग्रहण अधिकारी पूर्व बहू प्रांतीय अध्यक्ष लायन अविनाश शर्मा, संभागीय अध्यक्ष आशुतोष माहेश्वरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष राजकुमार बिंदल सहित कई अतिथि मंचासीन थे। समारोह की शुरुआत भगवान गणेश जी व मेल्विन जोन्स के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर गई थी। निवर्तमान अध्यक्ष लायन डॉक्टर अमित उपाध्याय द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। उसके बाद दीपिका सोनी द्वारा ध्वज वंदना की गई। सचिव लायन निर्मल जैन द्वारा वर्ष भर की सेवा गतिविधियों का प्रतिवेदन सदन में प्रस्तुत किया गया।लायंस महिलाओं द्वारा स्वागत गीत व नृत्य का प्रस्तुतीकरण किया गया। लायन डॉक्टर आशित कुमार विश्वास के नेतृत्व में नवीन कार्यकारणी को शपथ ग्रहण अधिकारी पूर्व बहू प्रांतीय अध्यक्ष लायन अविनाश शर्मा द्वारा आमिर खान की लगान फिल्म की थीम पर शपथ दिलाई गई ।जिसमें अध्यक्ष पद पर लायन डॉक्टर आशित कुमार विश्वास, उपाध्यक्ष प्रथम राजेश गट्टाणी, द्वितीय उपाध्यक्ष विमल कोठारी ,सचिव सुधीर शर्मा, सह सचिव संदेश राठी,कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, सह कोषाध्यक्ष अनिल कुमावत, क्लब मेंबर चेयरपर्सन्स सुधीर गोयल, क्लब एडमिनिस्ट्र एडवोकेट नवीन कुमार सोनी, क्लब सर्विस चेयरपर्सन्स चिरंजी लाल नवाल, क्लब मार्केटिंग चेयरपर्सन्स विश्वनाथ पाराशर, टेल ट्विस्टर महावीर प्रसाद शर्मा,टाइमर अंकित लोढ़ा, लियो कन्वीनर एडवोकेट विजय अरोड़ा,डायरेक्टर अशोक कुमाट,डायरेक्टर आशुतोष महेश्वरी, डायरेक्टर हेमंत अग्रवाल, डायरेक्टर मुकेश पंडावर सहित क्लब के सभी पूर्व अध्यक्ष को डायरेक्टर के रूप में शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष पद की शपथ लेने के बाद लायन डॉक्टर आशित कुमार विश्वास ने अपने उद्बोधन में क्लब को साथ लेकर चलने व क्लब में नए आयाम स्थापित कर नया सेवा के कीर्तिमान बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुकेश संचेती, श्रावण नागौरी, बुद्धि प्रकाश पारीक, राजेंद्र धनोपिया, विमल बंट, उत्तमचंद बंट,अजय शर्मा, जीएल यादव , सत्यजीत जेटली, विजय गुप्ता, डॉक्टर एस एस अग्रवाल, महावीर टेलर, कार्तिक कास्ट, कपिल कोठारी, निर्मल जैन, अनीता विश्वास, संध्या कुमाट, कृष्णा बिंदल, सुनीता खंडेलवाल ,अंशु गोयल, चेतन परीक, शांति टेलर, आभा अग्रवाल, प्रीति राठी,वर्षा कुमावत,अंजना गट्टाणी सहित लायंस क्लब विजयनगर के कई पदाधिकारी व सदस्यों उपस्थित थे। समारोह के अंत में राष्ट्रगान के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष आशित कुमार विश्वास का लायंस क्लब विजयनगर के सदस्यों सहित शहर के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया।

## एकता मंच खटीक समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

किस्मत भीलवाड़ा



**चित्तौड़गढ़।** एकता मंच खटीक समाज सेवा समिति की वार्षिक बैठक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह दिनांक 20 जुलाई 2025 को श्रीनाथ वाटिका, चित्तौड़गढ़ में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राकेश बसवाल (सहायक अभियंता) एवं विशिष्ट अतिथि श्री मदन बोरीवाल रहे। बैठक की अध्यक्षता मंच अध्यक्ष श्री गणेश सोलंकी ने की, जबकि स्वागत भाषण श्री रतनलाल सोलंकी ने दिया। समारोह में समाज के विशिष्ट जनों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया तथा मंच की गतिविधियों व भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयुष खोईवाल को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में विशेष सम्मान प्राप्त हुआ। बैठक में समाज की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। समारोह में गणपतलाल खटीक, डॉ. रतनलाल सोलंकी, ओमप्रकाश खटीक, नरेश बोरावड़, पावन खटीक सहित समाज के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। समारोह का संचालन श्री हस्तीमल वीरवाल ने किया। अंत में सभी सदस्यों ने सामूहिक भोजन ग्रहण किया और संगठन मंत्री द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

## भीलवाड़ा सुभाषनगर में जिनवाणी सुनने उमड़े श्रद्धालु, महासाध्वी कुमुदलता म.सा. के प्रवचनों से गूंजा धर्ममंच

किस्मत भीलवाड़ा





**भीलवाड़ा,** सुभाषनगर श्रीसंघ के तत्वावधान में आयोजित धर्मसभा में महासाध्वी कुमुदलता म.सा. ने कहा कि "जो तपता है, वही सुख पाता है, दु:ख देखे बिना सुख का अनुभव नहीं हो सकता।" उन्होंने आगम ग्रंथों की महिमा और तप की पवित्रता पर जोर देते हुए युवाओं को भक्ति और संयम का मार्ग अपनाने की प्रेरणा दी। महासाध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा. ने जीवन में भोग व भक्ति के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि मन को भक्ति में रमाने से ही जीवन सफल होता है। साध्वी राजकीर्तिजी म.सा. ने सुखविपाक सूत्र का वाचन करते हुए संत चरणों की धरती को तीर्थ बताया। युवा सुश्रावक सिद्धार्थ डांगी द्वारा नौ उपवास की पच्चक्खावनी लेने पर जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। विभिन्न श्रावक-श्राविकाओं ने तप व उपवास के संकल्प लिए। धर्मसभा में बेंगू, गंगापुर, सहाड़ा सहित कई स्थानों से श्रद्धालु पहुंचे। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया, जिसमें तीन समूहों ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों व तपस्वियों का स्वागत किया गया।

## बनेड़ा में प्राचीन कुंड की सफाई कर किया सेवा श्रम

किस्मत भीलवाड़ा



**बनेड़ा।** अपना संस्थान एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के तत्वावधान में सेवा श्रम का कार्य लगातार जारी है। इसी क्रम में 20 जुलाई 2025 को चारभुजा जी मंदिर के पास खारिया कुंड एवं हनुमान मंदिर के पास स्थित पो की सफाई कर श्रमदान किया गया। तहसील अध्यक्ष मुरली मनोहर व्यास ने बताया कि कुंड में जमा कचरा, काई, मलबा हटाकर सीढ़ियों की सफाई की गई और नलकूप से पानी डालकर कुंड को धोया गया। इस पुनीत कार्य में मुरली मनोहर व्यास सहित अरुण चंद्र देराश्री, पवन पाराशर, ओमप्रकाश बारी, सोहनलाल बेरवा, सूर्य प्रकाश सरगरा, मनोज काबरा, चेतन चौहान सहित कई कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। यह सेवा कार्य लगातार 275वें सप्ताह में प्रवेश कर चुका है और हर मौसम में जारी रहेगा।

## गायत्री परिवार द्वारा गायत्री वाटिकावृक्षारोपण किया

किस्मत भीलवाड़ा



गायत्री परिवार पंडेर द्वारा सावन के महीने में, हरियाला राजस्थान, हरियाला पंडेर अभियान के अंतर्गत आज गायत्री वाटिका में वृक्षारोपण किया गया साथ ही वरिष्ठ परिजन श्री ओम प्रकाश जी सुखवाल के जन्म दिवस पर 11 पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा एवं देखभाल का संकल्प लिया इस अवसर पर वरिष्ठ गायत्री परिजन ओम प्रकाश सुखवाल, मोतीलाल शर्मा, राधेश्याम शर्मा, सत्यनारायण सुवालका, गोविंद शर्मा, सत्यनारायण सुखवाल, राम रतन रेगर, सूरजमल रेगर, इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## हेल्थ केयर हॉस्पिटल का शुभारंभ



किस्मत भीलवाड़ा

**आकोला** बीगोद कस्बे के बस स्टैंड के निकट आज सायं करीब 5 बजे हेल्थ केयर हॉस्पिटल का शुभारंभ किया गया। चिकित्सा सेवाएं डाक्टर रजिया सुल्तान एवं डाक्टर एम डी अब्बास 24 घंटे अपनी सेवाएं देंगे। निजी चिकित्सा सेवाओं हेतु अल्प संख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हमीद मोहम्मद शेख ने उक्त निजी चिकित्सालय का फीता काट कर उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम में कस्बे के ग्रामीण महिला - पुरूष उपस्थित थे।

## अजमेर संभाग महामंत्री बने पिंटू खटीक

किस्मत भीलवाड़ा



**आकोला** भीलवाड़ा -- राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन एकीकृत प्रोवेशनरी प्रकोष्ठ संगठन के प्रदेश संयोजक अनुप यादव ने संगठन विस्तार एवं नर्सेज हितेषी उद्देश्य के लिए प्रांतीय पदाधिकारियों की सहमति से नर्सिंग आफिर उपजिला अस्पताल मांडलगढ़ को संभाग महामंत्री पद पर नियुक्त किया। प्रदेश महामंत्री रामकेश मीणा एवं प्रदेश संयोजक अनुप यादव ने पिंटू खटीक को नियुक्ति देकर बधाई दी।साथ स्टाफ गण एवं चिरपरिचित जनो ने हर्ष व्यक्त किया तथा बधाईयां दी।

## हर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चंवरा के बालाजी से बगीची के बालाजी शिवालय पहुंची कावड़ यात्रा

किस्मत भीलवाड़ा



**आकोला** सखी मित्र मंडल ग्रुप द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चंवरा के बालाजी से बगीची के बालाजी शिवालय पहुंची कावड़ यात्रा कावड़ यात्रा चंवरा के बालाजी से 9:15 बजे महा आरती के तत्पश्चात प्रसादी वितरित की गई इसी दौरान 400 कावड़िया ने कावड़ भरकर बगीची के बालाजी शिवालय मंदिर के लिए रवाना हुई इस दौरान गांव में जगह-जगह पुष्प वर्षा है अल्फार की व्यवस्था की गई और सभी श्रद्धालु गांव के मुख्य मार्गो से भगवान के भजन कीर्तन करते हुए डीजे ढोल नगाड़े के साथ बगीची के बालाजी मंदिर पहुंचे और बम बम भोले नाथ के नाम से मंदिर गुंज उठा वह शेष जलधारा अभिषेक किया गया

## भीलवाड़ा- जिला कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी को शपथ, त्रिपाठी ने बांटे नियुक्ति पत्र

किस्मत भीलवाड़ा





**भीलवाड़ा,** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की स्वीकृति के बाद डॉ. फरियाद मोहम्मद द्वारा घोषित जिला कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण व नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और नियुक्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता त्रिपाठी ने की, जबकि पीसीसी उपाध्यक्ष हगामीलाल मेवाड़ा मुख्य अतिथि रहे। बैठक में पीसीसी सदस्य मो. याकूब, मनोज पालीवाल, श्यामलाल पुरोहित, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रेखा हिरण, एससी-एसटी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रामदयाल बलाई, शिक्षक प्रकोष्ठ अध्यक्ष चंद्रप्रकाश अमरवाल, पूर्व सीएमएचओ डॉ. आर.सी. सामरिया, सेवादल प्रशिक्षक गुडविन मसीह व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी ज्ञानमल खटीक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का माला, उपरणा और मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया। प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. फरियाद मोहम्मद ने जानकारी दी कि बैठक को कई वरिष्ठ नेताओं व पदाधिकारियों ने संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी–रफीक वेग, शरीफ पठान, अरविंद मसीह, आकिब शेख, लादूलाल मेघवंशी आदि उपस्थित रहे।

सभी भीलवाड़ावासियों का लेंगे सहयोग,कथा आयोजन को बनाएगे एतिहासिक सफल ओर यादगार

# पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा 9 से 15 सितम्बर तक होने वाली शिव महापुराण कथा की तैयारियों के लिए बैठक





किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा,20 जुलाई।** धर्मनगरी भीलवाड़ा शहर में पहली बार प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारबिंद से 9 से 15 सितम्बर तक शिव महापुराण कथा का आयोजन आजादनगर स्थित मेडिसिटी ग्राउण्ड पर किया जाएगा। कथा श्रवण करने के लिए प्रतिदिन लाखों शिव भक्तों के उमड़ने की संभावना के दृष्टिगत व्यापक स्तर पर तैयारियां की जाएगी। सभी के सहयोग से एतिहासिक भक्तिमय आयोजन हो इसके लिए कथा आयोजन की तैयारियों में सर्व समाज को जोड़ा जाएगा। कथा की तैयारियों पर चर्चा के लिए शिवमहापुराण कथा आयोजन समिति की कार्यकारिणी की बैठक शनिवार शाम संकटमोचन हनुमान मंदिर के महन्त बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने अब तक हुई तैयारियों के बारे में बताया ओर कहा कि सभी भीलवाड़ावासियों के सहयोग से इस महाआयोजन को सफल एवं एतिहासिक बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजन के लिए समिति के अध्यक्ष एवं भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी की सहमति से कार्यकारिणी गठित करने के साथ सम्बन्धित पदाधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंप दिए गए है। आयोजन समिति के संयोजक गजानंद बजाज ने कहा कि हम सभी को मिलकर इस आयोजन को महादेव की भक्ति से परिपूर्ण भव्य एवं यादगार बनाना है, जिसे जो भी दायित्व सौंपा जाए वह उसे समर्पित भाव से निभा कर इस कथा महायज्ञ में अपनी भागीदारी में निभाएं। बैठक में बताया गया कि कथास्थल पर ध्वजारोहण की तारीख शुभ मुर्हुत देख जल्द तय की जाएगी। कथा की पूर्व संध्या पर 8 सितम्बर को शाम 4 बजे चित्रकूटधाम से विशाल भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह कलश यात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होकर रामधाम होते हुए आजादनगर में कथास्थल पर पहुचेंगी। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी मंजू पोखरना एवं सह प्रभारी अलका जोशी ने बताया कि अधिकाधिक मातृशक्ति को कलश यात्रा व इस कथा आयोजन में जोड़ने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। समिति के कार्यालय प्रभारी रजनीकांत आचार्य ने कहा कि सभी को पूर्ण अनुशासित होकर अपने दायित्व को पूर्ण करना है। समिति का कथास्थल पर कार्यालय भी शीघ्र शुरू किया जाएगा। समिति के कोषाध्यक्ष कैलाश डाड ने कहा कि जो भी सदस्य सहयोग राशि जुटाने को रसीद बुक लेकर जाए वह तय समय पर उसे वापस लौटाए। महंत बाबूगिरीजी महाराज ने सभी को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि यह आयोजन बालाजी महाराज की कृपा एवं सभी के सहयोग से एतिहासिक सफल होगा इसका पूरा विश्वास है। समिति के महासचिव कन्हैयालाल स्वर्णकार ने आभार जताया। बैठक का संचालन पंडित अशोक व्यास ने किया। बैठक में शहर के कई समाजसेवियों ने आकर स्वेच्छा से इस आयोजन में सहभागी बनने के लिए हाथ बढ़ाए। बैठक में महासचिव पीयूष डाड, उपाध्यक्ष पवन पंवार,पार्षद ओम पाराशर, सह कोषाध्यक्ष दुर्गालाल सोनी एवं चंद्रप्रकाश आगल, सचिव ललित सोमानी, युवा प्रकोष्ठ प्रभारी दिनेश राठी एवं सह प्रभारी कुंजबिहारी चांडक, प्रचार प्रसार मंत्री बाबूलाल टांक, सोशल मीडिया प्रभारी पंकज अग्रवाल, भण्डारा प्रभारी राजेश कुदाल, प्रहलाद सोनी, कैलाश प्रहालदका,रामचन्द्र मूंदड़ा सहित कई पदाधिकारी एवं भक्तगण शामिल थे।

नगर निगम का श्रावण मास में विशिष्ट आयोजन

# वार्ड 9, 20 और 60 के शिवालयों में हुआ सहस्त्रधारा अभिषेक,मंत्रोच्चार की रही गूंज

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा** नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा श्रावण मास के पावन अवसर पर 70 वार्डों के 70 मंदिरों में 70 अभिषेक कार्यक्रम दसवें दिन महापौर राकेश पाठक के नेतृत्व में शहर के 3 वार्डों में संपन्न हुआ। वार्ड 9 के अंतर्गत सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया के सान्निध्य व पार्षद लव कुमार सुनीता देवी जोशी की उपस्थिति में, वार्ड 60 में शहीद स्मारक के पास शिव मंदिर में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के सानिध्य एवं पार्षद रेखा पूरी की उपस्थिति में एवं वार्ड 20 में पार्षद राजेंद्र पोरवाल की उपस्थिति में सहस्त्रधारा अभिषेक का आयोजन हुआ। पंडित योगेन्द्र शर्मा ने अभिषेक संपन्न कराया। इस दौरान भगवती प्रसाद जोशी, प्रहलाद त्रिपाठी, ऋतुशेखर शर्मा, कार्यक्रम संयोजक ओम साईराम, अनिल सिंह, पूर्व सैनिक एनडी चास्टा, डीसी जैन, मोट सिंह, अशोक टहिलानी, पन्नालाल, रतन अग्रवाल, हस्तीमल बाफना, गोविंद नारायण राठी, ललित सुराणा, दिनेश सेन, सोनू गुर्जर, भगवती गुर्जर, कैलाश अग्रवाल, सत्यनारायण सोनी, भरत लखारा, केसाराम माली, सुमन अग्रवाल, रेनू शर्मा, कमलेश लाठी, रामपाल नुवाल, शंभू पंवार, कीर्ति गोरा, पंडित गणेश, श्याम तोषनीवाल, पंकज अग्रवाल, सत्यनारायण तोषनीवाल सहित अनेक वार्डवासी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

**आज वार्ड 10 और 11 में होगा सहस्त्रधारा अभिषेक**

**नगर निगम द्वारा आयोजित श्रावण मास सहस्त्रधारा अभिषेक कार्यक्रम आज प्रातः 8 बजे वार्ड 10 के अंतर्गत ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर एवं वार्ड 11 में स्थित बाल हनुमान मंदिर में आयोजित होगा।**



## "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पोसालिया मंडल में वृक्षारोपण, राज्य मंत्री देवासी ने किया नवाचार की शुरुआत

किस्मत भीलवाड़ा



**पोसालिया।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाए जा रहे "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत पोसालिया मंडल के बड़गांव स्थित खेल मैदान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। राज्य मंत्री एवं सिरोही विधायक ओटाराम देवासी ने लड्डूनुमा मिट्टी युक्त बीज से वृक्षारोपण कर नवाचार की शुरुआत की। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रक्षा भंडारी, प्रधान प्रतिनिधि बिशन सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रताप परमार, डॉ. नरेंद्र सिंह राजपुरोहित सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राज्य मंत्री देवासी ने पौधारोपण को धरती मां की सेवा बताते हुए सभी से रोपित पौधों की देखभाल का आग्रह किया। जिला अध्यक्ष डॉ. भंडारी ने इसे पर्यावरण सुरक्षा का जन आंदोलन बताया। कार्यक्रम में डॉ. राजपुरोहित ने लड्डूनुमा बीज के फायदे और उपयोग की जानकारी स्थानीय भाषा में दी, जिससे माताएं-बहनें प्रेरित हुईं। कार्यक्रम संयोजक अमृत अग्रवाल व सह-संयोजक मुकेश मीणा का सम्मान किया गया। अंत में सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं ने मिलकर पौधारोपण किया। संचालन सुशील बिरावट ने किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं की उत्साही भागीदारी रही।

## केकड़ी शहर माहेश्वरी महिल्स मण्डल ने पोकीनाड़ी मंदिर मे लगाए 50 पौधे

किस्मत भीलवाड़ा



**केकड़ी** केकड़ी शहर माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा पोकिनाडी बालाजी मंदिर मे वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया मण्डल अध्यक्ष कोमल राठी ने बताया कि पेड़ हमारे जीवन के आधार है पर्यावरण के लिए पेड़ों का होना अति आवश्यक है अन्यथा जीवन की कल्पना असंभव है मंदिर परिसर में 50 फलदार और छायादार पौधे लगाए इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष कोमल राठी, सचिव अनिता राठी, संगठन मंत्री सुनीता सोमानी, उपाध्यक्ष सावित्री राठी, कोषाध्यक्ष संगीता चौधरी, परामर्श दात्री आभा बेली, व मंजू चौधरी, सह सचिव अर्चना माहेश्वरी, मधु बांगला, सुशीला हेड़ा, रेखा मुंदड़ा, कमला राठी, मंजू मांगधणा, अंकिता राठी, अनिता बंग, अंजू बंग, सीमा सोमाणी, इंद्रा राठी, संगीता राठी, मैना मोदी आदि का सहयोग रहा तत्पश्चात सचिव अनिता राठी ने सभी बहनों का आभार व्यक्त किया ।

## श्री गणेश मंदिर मे स्थित श्री भोलेनाथ का पंचामृत से किया जलाभिषेक

किस्मत भीलवाड़ा



**गुलाबपुरा** पवित्र श्रावण मास दशमी रविवार के शुभ संयोग पर श्री सिद्ध गणेश मंदिर में विराजित श्री सिद्धेश्वर महादेव की प्रतिमा का पंचामृत,घृत, दुग्ध,दही शक्कर ,शहद,गन्ने का जूस,तेल, द्वारा रुद्राभिषेक जलाभिषेक किया व भोलेनाथ को पुष्प, बिल्वपत्र, आक, धतूरा, फूलों व फलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर भोलेनाथ की आकर्षक झांकी सजाई पुजारी पं.शंकर प्रसाद वैष्णव पं प्रकाश त्रिपाठी, सूर्य प्रकाश जोशी व श्री राम वैष्णव ने भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया व महाआरती की, भक्तों ने जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर कन्हैया लाल सोमाणी,अटलबिहारी वैष्णव, शिवम् ,पुष्पेन्द्र जोशी, रोहित, गोपाल, श्रीमती मंजू देवी, जया देवी, गार्गी देवी, सरला देवी, डिम्पल,राजकुमारी, सहित श्रृद्धालुओं ने महाकाल का जलाभिषेक किया।

## 21 कुंड, कुआं बावड़ी के जल से होगा, नीलेश्वर महादेव का महाअभिषेक



किस्मत भीलवाड़ा

**गुलाबपुरा** स्थानीय सब्जी मंडी स्थित श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर में श्री बालाजी महिला मंडल के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी, द्वितीय,कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। बालाजी मंदिर महंत पवन दास वैष्णव ने बताया है ,मातृ शक्ति द्वारा सोमवार को प्रातः 8:15 बजे धार्मिक स्थलों के मंदिर कुंड कुआं बावड़ी से जल लेकर,बरेली बालाजी हुरडा से प्रारंभ होकर श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर बालाजी मंदिर मे श्री नीलेश्वर महादेव का श्रद्धा अनुसार जल लाकर भगवान शिव का अभिषेक किया जाएगा। महंत ने बताया है कि ऐसी मान्यता है कि कावड़ यात्रा करने और शिवलिंग पर जल चढ़ाने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती है।

## चित्तौड़ प्रांत गौसेवा सहसंयोजक के सानिध्य मे श्री माधव गौ उपचार समिति की बैठक आयोजित

किस्मत भीलवाड़ा



**गुलाबपुरा** स्थानीय श्री माधव गौ उपचार केंद्र पर चित्तौड़ प्रांत गौ सेवा सह संयोजक धनराज मालव के सानिध्य में श्री माधव को उपचार सेवा समिति के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई, बैठक में श्री माधव गौ उपचार केंद्र की जानकारी और कार्य प्रणाली विस्तृत रूप से कमल शर्मा द्वारा प्रदान की गई। गौ सेवा संयोजक द्वारा उपचार केंद्र की सराहना करते हुए गौ माता के प्रति स्नेह भाव से सेवा को ईश्वर की सेवा बताया उन्होंने सुझाव दिया कि उपचार केंद्र पर सदस्यता अभियान प्रारंभ किया जाकर नियमित कार्यकाल उपरांत समिति का गठन किया जाना चाहिए । गोपाष्टमी और वार्षिक उत्सव का आयोजन कर गो विज्ञान परीक्षा के उत्कृष्ट विद्यार्थियों उत्कृष्ट गौ सेवकों और गौ सेवा के प्रति समर्पित सहयोग करने वाले भक्तों और संस्थाओं का सम्मान किया जाना चाहिए जिससे अधिकाधिक व्यक्तियों में गौ सेवा का भाव जागृत किया जा सके। गौ विज्ञान परीक्षा के कर पत्रक का विमोचन करते हुए उन्होंने आग्रह किया कि अधिकाधिक विद्यार्थी वर्ग इसमें सम्मिलित हो ताकि गौ माता के प्रति समर्पण का भाव रख सके । भारत विकास परिषद द्वारा को उपचार केंद्र पर किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए पूर्व अध्यक्ष कन्हैया लाल सोनी द्वारा बाहरी कक्ष का सीमेंट कार्य प्रारंभ कराए जाने की जानकारी दी। इस दौरान भारत विकास परिषद के पूर्व प्रांतीय अधिकारी किशोर राजपाल, जिला गौ सेवा प्रमुख गोविंद राम लोहार, मुकेश शर्मा, मानक चंद जैन, सांवरलाल जांगिड़, लालचंद मेवाड़ा, समाजसेवी रतनलाल काबरा, नवनीत जांगिड़, सागर नुवाल., सांवरलाल भील सहित मौजूद थे।

## सर्व हिन्दू समाज द्वारा सामूहिक साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ आयोजित

किस्मत भीलवाड़ा



**गुलाबपुरा** सर्व हिन्दू समाज द्वारा आयोजित साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ टीम द्वारा अनवरत प्रत्येक शनिवार को अलग अलग मंदिरों पर हनुमान चालीसा पाठ किया जा रहा है सावन माह में 163 वा पाठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, बर्फ फैक्ट्री के पीछे आदर्श कॉलोनी पर किया गया। किशोर राजपाल ने माधव गौ उपचार केंद्र गुलाबपुरा के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए गौसेवा महत्ता के बारे में बताया। उपचार केंद्र को गौ एम्बुलेंस हेतु सूरजकरण जांगिड, प्रवीण मेवाड़ा, राहुल ब्यावट, बालकराम वैष्णव, भगवती प्रसाद छिपा द्वारा सहयोग राशि समर्पित की गई। इस दौरान रामलाल वैष्णव, प्रेमनारायण शर्मा, मगना कुमावत, विनोद वैष्णव, मुरारी कुमावत, भंवर खारोल, श्यामसुंदर शर्मा, कन्हैया लाल सोनी, गोपाल लाल वैष्णव, सूरज करण लड्ढा, रतन लाल काबरा, लाल चंद मेवाड़ा, कमल शर्मा, शिव पोरवाल, सत्यनारायण प्रजापत, मुकेश कुमार शर्मा, नवनीत जांगिड सहित सैकड़ों की संख्या पुरुष और मातृशक्ति उपस्थित रही आने वाला 164 वा साप्ताहिक हनुमान चालीसा का पाठ ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर गणेश कॉलोनी पर किया जायेगा।

## आस पहाड़ से रवाना हुई कांवड़ यात्रा, भोले के भजनों के साथ ईरांस पहुंची - आज को होगा जलाभिषेक

किस्मत भीलवाड़ा



**रायला** ईरांस ग्राम पंचायत क्षेत्र के श्रद्धालुओं द्वारा भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धा और उत्साह का नोट संगम देखने को मिला ।आस पहाड़ की पवित्र धूणी से भोलेनाथ के 51 भक्तों की कांवड़ यात्रा शनिवार को भक्ति और उल्लास के साथ रवाना हुई। शनिवार को रात्रि विश्राम बरसनी में किया और सुबह चारभुजा नाथ जी के दर्शन के साथ कावड़ हुई रवानगी। कांवड़िए जयकारों के साथ नगर भ्रमण करते हुए आज शाम ईरांस गांव पहुंचेंगे। यह कांवड़ यात्रा अरावली की हरी-भरी पहाड़ियों से होकर पवित्र जल लेकर भोलेनाथ के शिवधाम तक पहुंचेगी। यात्रा के दौरान भक्तों ने हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सोमवार को सावन के दूसरे सोमवार पर शिव मंदिर में जलाभिषेक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी शिवभक्त मिलकर पवित्र जल से भगवान शिव का रुद्राभिषेक करेंगे। आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। गोरतलब हे की यह ईरांस क्षेत्र के कांवड़िया की चौथी कावड़ यात्रा सही है जो हर वर्ष शिव भक्ति की भावना को और अधिक प्रगाढ़ कर रही है ।

## शहर से कई गुरुभक्त, आचार्य श्री के गुरु दर्शन हेतु भीलवाड़ा पहुंचे

किस्मत भीलवाड़ा



**गुलाबपुरा** शहर से गुरुभक्त पहुँचे गुरु दर्शन व आचार्य श्री जी की तपस्या की सुख साता पहुँछने हेतु पहुचे भीलवाड़ा! नानकवंश के अष्टम पटधर , शासन गौरव, निर्मल प्रज्ञा के धनी ,परम श्रद्धेय आचार्य प्रवर पूज्य गुरुदेव श्री 1008 श्री सुदर्शनलालजी मा.सा. आदि ठाना 4 का चातुर्मास भीलवाड़ा मे बड़े ही तप व तपस्या के साथ आगे की और अग्रसर हो रहा है। इसके साथ रविवार को विशेष कार्यक्रम चिंताहरण पाशर्वनाथ साधना व बड़ी मंगलीक व साथ ही परम पूजनीय आचार्य श्री 1008 सुदर्शन लाल जी मा.सा.के 16 की तपस्या की सुख शाता पूछने हेतु गुलाबपुरा से निःशुल्क बस व साधन की व्यवस्था रखी गई, गुरु दर्शन का लाभ लेने गुलाबपुरा से भीलवाड़ा गौतम आश्रम सेकड़ो गुरु भक्त पहुँचे। गुरु भक्तो मे श्री प्राज्ञ सोहन सुदर्शन व्यावच फ़ाउडेशन गुलाबपुरा के संरक्षक सम्पत राज सोनी, अध्यक्ष रमेश चन्द्र डोसी,महेंद्र सोनी,संजय बनुट ,गौतम आचलिया,सतीश कांकरिया, फतेह लाल काठेड, भाग चन्द चौधरी, सुरेश साखला, संजय चोधरी आदि ने गुरु दर्शनो का लाभ लिया!

## ट्रस्ट श्री गुरु सिंह सभा द्वारा धन-धन श्री गुरु हरकिशन साहिब जी दे प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा और भावना से मनाया।



किस्मत भीलवाड़ा

**गुलाबपुरा** गुरुद्वारा साहिब बिजयनगर में शाम दीवान में श्री सुखमणि साहिब जी के पाठ का आयोजन हुआ व कीर्तन दरबार भाई साहब हरप्रीत सिंह जी चंडीगढ़ वाले ने संगत को कथा एवं कीर्तन से संगत को निहाल किया। संपूर्ण समाप्ति उपरांत गुरु महाराज का अटूट लंगर वितरित हुआ। जिसमे ट्रस्ट के प्रधान हरगोविंद सिंह टुटेजा, संरक्षक व पूर्व पार्षद गुरुभेज सिंह टुटेजा , कोषाध्यक्ष जगजीत सिंह टुटेजा, सचिव दिलप्रीत सिंह टुटेजा,कांग्रेस प्रदेश सचिव नवनीत सिंह टुटेजा , राजन सिंह टुटेजा, गुरुप्रीत सिंह टुटेजा,पत्रकार तरनदीप सिंह टुटेजा, राजेश डोगरा , गगनदीप सिंह टुटेजा, नंदलाल तीर्थवानी, तारा सिंह , हरमीत सिंह टुटेजा, पेशवानी, हेमंत, दुर्गा केलानी, भावना कौर ,गुरचरण कौर, रजनी कौर, मनजीत कौर, गुरप्रीत कौर, दीपमाला जुनेजा, मुस्कान कौर, एडवोकेट गुरुप्रीत कौर, आशा विनायक आदि सदस्य मौजूद थे यह जानकारी ट्रस्ट सचिव दिलप्रीत सिंह टुटेजा ने दी ।

## राजलदेसर गौशाला में श्रावणी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया, महिलाओं और बालिकाओं ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

किस्मत भीलवाड़ा



**राजलदेसर/चूरू,** श्री राजलदेसर स्गौशाला में महिला कार्य समिति द्वारा श्रावणी महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। डॉ. उषा किरण सोनी की अध्यक्षता में बाजोरिया सत्संग हॉल में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। समिति की अध्यक्षा पुष्पा शर्मा सहित अनेक महिलाओं के सान्निध्य में आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बालिकाओं ने देशभक्ति व राजस्थानी गीतों पर शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें देखकर महिलाएं तालियों से उत्साहवर्धन करती रहीं। गौशाला प्रांगण में खाद्य-पेय स्टॉल, खिलौनों व गोसेवा से जुड़ी सामग्री जैसे गुड़ व हरा चारा की स्टॉल भी लगाई गई, जिनमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और तन-मन-धन से गौसेवा में सहयोग किया। बालिकाओं को उनके प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी किया गया। पुष्पा शर्मा ने बताया कि महिला समिति प्रत्येक अमावस्या को सत्संग कार्यक्रम आयोजित कर गौसेवा हेतु राशि एकत्र करती है और श्रावणी महोत्सव विशेष रूप से महिलाओं की सहभागिता से आयोजित होता है। इस अवसर पर झूमा सोनी, उषा तोदी, कांता पारीक, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। साथ ही गौशाला उपाध्यक्ष मंगतमल पाण्डिया, मंत्री ललित दाधीच, सहित कई गणमान्यजन भी मौजूद रहे।

## अमरापुरी सेवा मंडल सुमेरपुर की बैठक में सेवा कार्यों की समीक्षा, आभार और निर्देश

किस्मत भीलवाड़ा



**सुमेरपुर।** अमरापुरी सेवा मंडल नीलकंठ जवाई नदी की बैठक मंडल अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल एवं संरक्षक गणेश विश्वकर्मा के सानिध्य में आयोजित हुई। बैठक में सतपाल मेहरा, लालचंद चंदेल, नेमीचंद बाठिया, भीखाराम माली, खुशाल सुथार, महेश गुप्ता, सम्पत मेवाड़ा सहित कई सदस्य मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत लालचंद चंदेल द्वारा वर्ष 2007 में निर्मित स्नानघर के 17 वर्षों बाद करवाए गए जीर्णोद्धार पर मंडल द्वारा आभार ज्ञापन से हुई। मंडल ने उनकी सेवाओं की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। श्याम मित्र मंडल सुमेरपुर द्वारा शवदाह हेतु घर से अमरापुरी तक शववाहिनी सेवा निःशुल्क उपलब्ध करवाने पर भी मंडल ने आभार व्यक्त किया और इसे एक पुण्य कार्य बताया। बैठक में यह भी बताया गया कि अमरापुरी सेवा मंडल के लोकर में कई अस्थियां लंबे समय से पड़ी हैं। परिजनों को बार-बार सूचित करने के बावजूद वे लेने नहीं आए हैं, ऐसे में 60 दिन की अवधि के बाद प्रशासन को सूचना देकर अस्थियों को हरिद्वार में विसर्जित किया जाएगा। शवदाह हेतु ली गई लकड़ियों की बकाया राशि शीघ्र जमा कराने का अनुरोध भी संबंधित परिवारों से किया गया।

# मोतिहारी से मोदी का चुनावी बिगूल



संजय गोस्वामी

**इस साल प्रधानमंत्री का तीसरी बार मोतिहारी आगमन हुआ हैं जो साफ बताता है कि गांधी की कर्मस्थली को वो चुनावी समर का आगाज स्थल बना।
पूर्वी चम्पारण जिले में 12 विधानसभा क्षेत्र हैं। 2020 के चुनाव में इनमें से 8 पर भाजपा ने कब्जा जमाया था। एक सीट उनके सहयोगी जदयू के खाते में गयी थी। बिहार का भाजपा संगठन चाहता है कि हारी हुई बाकी सीटों जिनमे सुगौली और कल्याणपुर शामिल है को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के खाते में डाल दिया जाए।**

बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का गढ़ माने-जाने वाला पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी शहर से आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए का परचम लहराने का आगाज किया ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री अपने बिहार दौरे के क्रम में मोतिहारी में 7196 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया। जिनमे 5988 करोड़ की रेलवे और 1173 करोड़ की सड़क परियोजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं में रेल, सड़क, ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों से जुड़ी विकास परियोजनाएं है।

सम्पटर्क और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री अनेक रेल परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित किया। इसमें समस्तीपुर-बछवाड़ा रेल लाइन के बीच स्वचालित सिग्नलिंग शामिल है, जिससे इस खंड पर कुशल रेल संचालन संभव होगा। दरभंगा-थलवाड़ा और समस्तीपुर-रामभद्रपुर रेल लाइनों का दोहरीकरण, 580 करोड़ रुपये से अधिक की दरभंगा-समस्तीपुर दोहरीकरण परियोजना का हिस्सा है और इससे रेल संचालन की क्षमता बढ़ेगी और देरी में कमी आएगी।

प्रधानमंत्री अनेक रेल परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। रेल परियोजनाओं में पाटलिपुत्र में वंदे भारत ट्रेनों के रखरखाव हेतु बुनियादी ढाँचे का विकास शामिल है। भटनी-छपरा ग्रामीण रेल लाइन (114 किमी) पर स्वचालित सिग्नलिंग से सुव्यवस्थित रेल संचालन संभव होगा। कर्षण प्रणाली के बुनियादी ढाँचे को मजबूत बनाकर और ऊर्जा दक्षता में सुधार करके भटनी-छपरा ग्रामीण खंड में ट्रेनों की गति बढ़ाने के लिए कर्षण प्रणाली का आधुनिकीकरण किया जाएगा। लगभग 4,080 करोड़ रुपये की लागत वाली दरभंगा-नरकटियागंज रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना से रेल लाइन की क्षमता बढ़ेगी, अधिक यात्री और मालगाड़ियों का संचालन संभव होगा और उत्तर बिहार और देश के बाकी हिस्सों के बीच संपर्क मजबूत होगा।क्षेत्र में सड़क बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री एनएच-319 पर 4-लेन के आरा बाईपास की आधारशिला रखेंगे, जो आरा-मोहनिया एनएच-319 और पटना-बक्सर एनएच-922 को जोड़ेगा, जिससे निर्बाध संपर्क सुनि[illegible]त होगा और यात्रा का समय बचेगा। प्रधानमंत्री ने 820 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले एनएच-319 के परारिया से मोहनिया तक 4-लेन वाले खंड का भी उद्घाटन किया । यह एनएच-319 का वह हिस्सा है जो आरा शहर को एनएच-02 (स्वर्णिम चतुर्भुज) से जोड़ता है। इससे माल और यात्री यातायात में सुधार होगा। इसके अलावा, एनएच-333सी पर सरवन से चकाई तक पक्की सड़क के साथ 2-लेन का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे माल और लोगों की आवाजाही सुगम होगी और बिहार और झारखंड के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी का काम करेगा।




प्रधानमंत्री ने दरभंगा में नए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) और पटना में एसटीपीआई की अत्याधुनिक इनक्यूबेशन सुविधा का उद्घाटन किया , जिसका उद्देश्य आईटी/आईटीईएस/ईएसडीएम उद्योग और स्टार्टअप को बढ़ावा देना है। ये सुविधाएँ आईटी सॉफ्टवेयर और सेवा निर्यात को बढ़ावा देने में मदद करेंगी। यह नवोदित उद्यमियों के लिए तकनीकी स्टार्टअप इको सिस्टाम का पोषण भी करेगा और नवाचार, बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) और उत्पाद विकास को प्रोत्साहित करेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्रव मोदी ने बिहार में मत्स्य पालन और जलीय कृषि क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत मंजूर मत्स्य विकास परियोजनाओं की एक श्रृंखला का उद्घाटन भी किया। यह बिहार के विभिन्न ज़िलों में नए मछली पालन केन्द्रद (हैचरी), बायोफ्लोक इकाइयाँ, सजावटी मछली पालन, एकीकृत जलीय कृषि इकाइयाँ और मछली चारा मिलों सहित आधुनिक मत्स्य पालन अवसंरचना का शुभारंभ होगा। जलीय कृषि परियोजनाएँ रोजगार के अवसर पैदा करने, मत्स्य उत्पादन बढ़ाने, उद्यमिता को बढ़ावा देने और बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देने में मदद करेंगी।भविष्य के लिए तैयार रेलवे नेटवर्क की अपनी कल्प ना के अनुरूप, प्रधानमंत्री राजेन्द्रा नगर टर्मिनल (पटना) से नई दिल्ली, बापूधाम मोतिहारी से दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल), दरभंगा से लखनऊ (गोमती नगर) और मालदा टाउन से लखनऊ (गोमती नगर) के बीच भागलपुर के रास्ते चार नई अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाया, जिससे क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार होगा। वहीं प्रधानमंत्री ने दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के अंतर्गत बिहार में लगभग 61,500 स्वयं सहायता समूहों को 400 करोड़ रुपये भी जारी की। महिला-नेतृत्व वाले विकास पर विशेष ध्यान देते हुए, 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जोड़ा गया है। प्रधानमंत्री 12,000 लाभार्थियों के गृह प्रवेश के तहत कुछ लाभार्थियों को चाबियाँ भी सौंपा और प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के 40,000 लाभार्थियों को 160 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी किया ।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरबी भारत को आगे बढ़ाने के लिए हमें बिहार को विकसित बिहार बनाना है।आज बिहार में इतनी तेजी से काम इसलिए हो रहा है, क्योंकि केंद्र और राज्य में बिहार के लिए काम करने वाली सरकार है। बिपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं आपको एक आंकड़ा देता हूं, जब केंद्र में कांग्रेस और आरजेडी की सरकार थी, तो यूपीए के 10 साल में बिहार को सिर्फ दो लाख करोड़ रुपए के आसपास मिले,10 साल में दो लाख करोड़ के आसपास यानि नीतीश जी की सरकार से ये लोग बदला ले रहे थे, बिहार से बदला ले रहे थे। 2014 में, केंद्र में आपने मुझे सेवा करने का अवसर दिया, केंद्र में आने के बाद मैंने बिहार से बदला लेने वाली इस पुरानी राजनीति को भी समाप्त कर दिया।पिछले 10 साल में, एनडीए के 10 वर्षों में बिहार के विकास के लिए जो राशि दी गई है, वो पहले से कितना गुना ज्यादा ह उसका आंकड़ा अभी हमारे सम्राट चौधरी जी बता रहे थे। इतने लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं ।यानि कांग्रेस और आरजेडी के मुकाबले कई गुना ज्यादा पैसा बिहार को हमारी सरकार ने दिया है। ये पैसा बिहार में जनकल्याण के काम आ रहा है, ये पैसा विकास परियोजनाओं में काम आ रहा है।आज की पीढ़ी को जानना जरूरी है कि बिहार दो दशक पहले किस तरह हताशा में डूबा हुआ था। आरजेडी और कांग्रेस के राज में विकास पर ब्रेक था, गरीब का पैसा गरीब तक पहुंचना असंभव था, जो शासन में थे उनमें बस यही सोच थी कि कैसे गरीब के हक का पैसा लूट लें, लेकिन बिहार असंभव को भी संभव बनाने वाले वीरों की धरती है, परिश्रमियों की धरती है। आप लोगों ने इस धरती को आरजेडी और कांग्रेस की बेड़ियों से मुक्त किया, असंभव को संभव बनाया, उसी का परिणाम है, आज बिहार में गरीब-कल्याण की योजनाएँ सीधे गरीबों तक पहुँच रही हैं। पिछले 11 वर्षों में पीएम आवास योजना के तहत देश में गरीबों के लिए 4 करोड़ से ज्यादा घर बनाए गए हैं। इनमें से करीब 60 लाख घर अकेले बिहार में गरीबों के लिए बनाए गए हैं। यानी, दुनिया में नॉर्वे, न्यूजीलैंड और सिंगापुर जैसे देशों की जितनी कुल आबादी है, उससे ज्यादा लोगों को हमने अकेले बिहार में गरीबों को पक्के घर दिये हैं। बिहार से आगे जाकर मैं बताता हूं, हमारे अकेले मोतिहारी जिले में ही 3 लाख के करीब हमारे गरीब परिवारों को पक्के घर मिले हैं। और, ये गिनती लगातार तेजी से आगे बढ़ रही है। आज भी यहां 12 हजार से ज्यादा परिवारों को अपने पक्के घर में गृह प्रवेश का सौभाग्य मिला है। 40 हजार से ज्यादा गरीबों को अपना पक्का घर बनाने के लिए बैंक में, उनके खाते में सीधे पैसे भेजे गए हैं, इसमें से ज्यादातर लोग मेरे दलित भाई-बहनें हैं, मेरे महादलित भाई-बहन है, मेरे पिछड़े परिवारों के भाई-बहनें हैं। आप भी जानते हैं, आरजेडी और कांग्रेस के राज में गरीब को ऐसे पक्के घर मिलना असंभव था, जिन लोगों के राज में लोग अपने घरों में रंग-रौगान तक नहीं करवाते थे, डरते थे कि अगर रंग और रौगान हो गया तो पता नहीं कि मकान मालिक को ही उठवा लिया जाएगा, ऐसे आरजेडी वाले कभी आपको पक्का घर नहीं दे सकते थे।आज बिहार आगे बढ़ रहा है, तो इसके पीछे सबसे बड़ी ताकत बिहार की माताओं-बहनों की है। और मैं आज देख रहा था, लाखों बहनें हमें आशीर्वाद दे रही थी, ये दृश्य दिल को छूने वाला था। एनडीए द्वारा उठाए जा रहे एक-एक कदम का महत्व बिहार की माताएं-बहनें, यहां की महिलाएं अच्छी तरह समझती हैं। यहां इतनी बड़ी संख्या में माताएं-बहनें आई हैं, आप याद करिए, जब आपको अरे 10 रुपया भी, अगर आपके पास है तो छिपाकर के रखना पड़ता था। ना बैंकों में खाता होता था, ना कोई बैंकों में घुसने देता था, गरीब का स्वाभिमान क्या होता है, ये मोदी जानता है। मोदी ने बैंकों से कहा गरीब के लिए दरवाजे कैसे नहीं खोलेंगे? और हमने इतना बड़ा अभियान चलाकर जनधन खाते खुलवाए। इसका बहुत बड़ा लाभ मेरे गरीब परिवार की महिलाओं को हुआ। बिहार में भी करीब साढ़े 3 करोड़ महिलाओं के जनधन खाते खुले। इसके बाद हमने सरकारी योजनाओं का पैसा सीधा इन खातों में भेजना शुरू किया। अभी कुछ दिन पहले ही मेरे मित्र नीतीश जी की सरकार ने और अभी घोषणा भी कर रहे थे, वृद्ध, दिव्यांग और विधवा माताओं को मिलने वाली पेंशन को 400 रुपए से बढ़ाकर 1100 रुपए महीने प्रति के हिसाब से कर दिया, ये पैसा सीधे आपके बैंक खाते में ही तो जाएगा। ...

## संपादकीय

### ट्रंप के दावों पर यकीन करती कांग्रेस

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में रुचि रखने वाला हर व्यक्ति संभवतः यह अच्छे से समझ गया होगा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप विचित्र दावे करते रहते हैं। वे कई बार निराधार टिप्पणियां करते हैं और फिर उनसे पीछे भी हट जाते हैं, लेकिन शायद भारत के विपक्षी दलों और विशेष रूप से कांग्रेस को ट्रंप पर कुछ ज्यादा ही भरोसा है। ट्रंप ने यह दावा किया कि पहलगाम में आतंकी हमले के जवाब में भारत की सेना के आपरेशन सिंदूर के चलते भारत-पाकिस्तान में हुए टकराव के दौरान पांच लड़ाकू विमान मार गिराए गए। उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि ये विमान किस देश के थे, लेकिन कांग्रेस के नेता तत्काल इस नतीजे पर पहुंच गए कि ये लड़ाकू विमान भारत के रहे होंगे। उन्होंने ट्रंप के इस बेकार के दावे की सच्चाई जानने की जरूरत जता दी। यह जरूरत कांग्रेस के किसी प्रवक्ता ने नहीं, बल्कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने जताई। ऐसा लगता है कि उन्हें न तो भारत की सरकार पर भरोसा है और न ही भारतीय सेना पर। यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस आपरेशन सिंदूर के मामले में उन अधकचरे एवं भारत विरोधी दावों को तूल दे रही है जो पाकिस्तान और चीन के नेताओं ने किए और यदाकदा अमेरिकी राष्ट्रपति ने भी। सब जानते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति का यह दावा खोखला है कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम करवाया और दोनों देशों के बीच परमाणु युद्ध की आशंका को टाला। उनके इस दावे पर कोई यकीन नहीं कर रहा है। खुद भारतीय प्रधानमंत्री उनसे फोन पर दो टूक यह कह चुके हैं कि कथित संघर्ष विराम में अमेरिका की वैसी कोई भूमिका बिल्कुल भी नहीं थी जिसका दावा किया जा रहा है। भारतीय प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति से यह भी कहा था कि कश्मीर पर भारत की जो नीति है, वह यथावत है और उसमें कोई बदलाव होने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता, लेकिन कांग्रेस यह समझने को तैयार नहीं। कांग्रेस और विपक्षी दलों के नेता इससे अच्छी तरह परिचित हैं कि कश्मीर, आपरेशन सिंदूर एवं अन्य अनेक मामलों में उनके बयानों का पाकिस्तान, चीन एवं अन्य भारत विरोधी ताकतों ने इस्तेमाल किया है और अपने पक्ष में भुनाया भी है, लेकिन उन्हें इसकी कोई परवाह नहीं। सबसे दुर्भाग्य की बात यह है कि जो कांग्रेस लंबे समय तक केंद्र की सत्ता में रही और विदेश नीति की बारीकियों से परिचित है, वह बचकाना व्यवहार कर रही है। ऐसा तो कई क्षेत्रीय दल भी नहीं कर रहे हैं। कांग्रेस एवं कुछ अन्य दलों के नेता इस इंतजार में बैठे दिखते हैं कि पाकिस्तान, चीन, अमेरिका अथवा किसी अन्य देश से कब भारतीय हितों के प्रतिकूल बयान आए और वे सरकार को घेरें। यह वह रवैया है जो इन नेताओं की विश्वसनीयता पर चोट भी कर रहा है।

## चिंतन-मनन

### साधना और सुविधा

आसक्ति के पथ पर आगे बढ़ने वाले अपनी आकांक्षाओं को विस्तार देते हैं। उनकी इच्छाओं का इतना विस्तार हो जाता है, जहां से लौटना संभव नहीं है। उस विस्तार में व्यक्ति का अस्तित्व विलीन हो जाता है। फिर वह अपने लिए नहीं जीता। उसके जीवन का आधार पदार्थ बन जाता है। पदार्थ जब मनुष्य पर हावी हो जाए तो समस्या क्यों नहीं होगी? आसक्ति अपने आप में समस्या है। इस समस्या का समाधान पदार्थ के विस्तार में नहीं, संयम में है। संयम के पथ पर वही चल सकता है, जो पदार्थ से विरक्त होने लगता है। जिन लोगों को विरक्ति का पथ प्राप्त है, जो जीवनभर इस पथ पर चलने के लिए कृतसंकल्प हैं, उनके सामने किसी प्रकार का प्रलोभन नहीं होना चाहिए। पदार्थ जीवन की आवश्यकता की पूर्ति का साधन है, यह भाव जब तक प्रबल रहता है, उसके प्रति आसक्ति पैदा नहीं होती। किंतु जब पदार्थ साध्य बन जाता है, तब व्यक्ति का दृष्टिकोण बदल जाता है। बदला हुआ दृष्टिकोण व्यक्ति को स्वच्छंद बनाता है, सुविधावादी बनाता है और उसे संग्रह की प्रेरणा देता है। स्वच्छंदता, सुविधावाद और संग्रहवृत्ति- ये तीन सकार साधना के विघ्न हैं। साधना के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए इनका सीमाकरण करना ही होगा। वैचारिक स्वतंत्रता का जहां तक प्रश्न है, साधना के साध उसका कोई विरोध नहीं है। पर विचार की स्वतंत्रता की यह अर्थ नहीं है कि व्यक्ति अपनी सीमा, संविधान और परंपरा से विमुख होकर उच्छृंखल बन जाए।

# आदिवासी महिलाओं का संपत्ति पर अधिकार का ऐतिहासिक फैसला



राज कुमार सिन्हा

गुरुवार को सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि लिंग के आधार पर आदिवासी महिलाओं को उत्तराधिकार के अधिकार से वंचित करना असंवैधानिक है और पैतृक संपत्ति पर उनके समान अधिकार की पुष्टि की है। फैसले में कहा गया है किसी आदिवासी महिला या उसके कानूनी उत्तराधिकारियों को केवल लिंग के आधार पर पैतृक संपत्ति में हिस्सा देने से इनकार करना अनुचित और असंवैधानिक दोनों है। इस फैसले ने आदिवासी समुदायों में महिलाओं के समान उत्तराधिकार अधिकारों की पुष्टि की है। इस फैसले ने लंबे समय से चली आ रही धारणा को पलट दिया कि ऐसे अधिकारों को प्रतिबंधित करने वाले रीति-रिवाजों को तब तक अस्तित्व में माना जाना चाहिए जब तक कि अन्यथा साबित न हो जाए।हालांकि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम (एचएसए), 1956 अनुसूचित जनजातियों (एसटी) पर लागू नहीं होता, फिर भी अदालत ने स्पष्ट किया कि इस अपवाद का यह अर्थ नहीं निकाला जा सकता है कि आदिवासी महिलाएं पैतृक संपत्ति की उत्तराधिकारी नहीं हैं। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि जब तक कोई विशिष्ट प्रथागत प्रतिबंध सिद्ध न हो जाए, समानता कायम रहनी चाहिए।न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह फैसला छत्तीसगढ़ की एक अनुसूचित जनजाति की महिला के कानूनी उत्तराधिकारियों से जुड़े एक मामले में सुनाया, जिसने अपने नाना की संपत्ति में हिस्सा मांगा था। उनके दावे का परिवार के पुरुष सदस्यों ने विरोध किया और तर्क दिया कि आदिवासी रीति-रिवाज महिलाओं को उत्तराधिकार से वंचित करते हैं। जबकि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट और नीचली आदालतों से याचिका खारिज कर दिया गया था। इस फैसले ने आदिवासी समुदायों में महिलाओं के समान उत्तराधिकार अधिकारों की पुष्टि की है। इस फैसले ने लंबे समय से चली आ रही धारणा को पलट दिया है कि ऐसे अधिकारों को प्रतिबंधित करने वाले रीति-रिवाजों को तब तक अस्तित्व में माना जाना चाहिए जब तक कि अन्यथा साबित न हो जाए।

हाईकोर्ट और निचली अदालतों के निष्कर्षों को पलटते हुए, उच्चतम न्यायालय ने निचली अदालतों के दृष्टिकोण की आलोचना की, जिसमें महिलाओं को उत्तराधिकार की अनुमति देने वाली प्रथा को साबित करने की आवश्यकता बताई गई थी।

पीठ ने कहा कि महिलाओं, जिनमें मुकदमे में शामिल महिलाएं भी शामिल हैं, को उत्तराधिकार से वंचित करना अनुचित और भेदभावपूर्ण दोनों है। न्यायालय ने आगे कहा कि ज़िम्मेदारी किसी भी मौजूदा प्रथा को साबित करने की है जो पैतृक संपत्ति पर उनके अधिकार को प्रतिबंधित करती है।पीठ ने पहले के फैसलों को खारिज करते हुए कहा कि हमारा दृढ़ मत है कि न्याय, समानता और अच्छे विवेक के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए, संविधान के अनुच्छेद 14 के व्यापक प्रभाव के साथ, अपीलकर्ता-वादी, संपत्ति में अपने समान हिस्से के हकदार हैं। संविधान का अनुच्छेद 14 कानून के सामने समानता की गारंटी देता है, जबकि अनुच्छेद 15 धर्म,जाति, लिंग, नस्ल और जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव को रोकता है।

यह फैसला व्यापक महत्व रखता है क्योंकि यह आदिवासी समुदायों में लैंगिक न्याय के बारे में चल रही बहस पर पुनर्विचार करता है और उसे और पुष्ट करता है, खासकर संहिताबद्ध व्यक्तिगत कानूनों के अभाव में। हालांकि एचएसए, धारा 2(2) के तहत, अनुसूचित जनजाति के सदस्यों को इसके दायरे से स्पष्ट रूप से बाहर रखता है, जब तक कि केंद्र सरकार अन्यथा अधिसूचित न करे, सर्वोच्च न्यायालय ने अब स्पष्ट किया है कि इस तरह की वैधानिक चुप्पी संस्थागत असमानता का आधार नहीं बन सकती।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस कृष्ण मुरारी की पीठ ने 2022 में कमला नेती बनाम विशेष भूमि अधिग्रहण अधिकारी के केस में आदिवासी महिलाओं के संपत्ति अधिकारों को लेकर एक अहम फैसला सुनाया। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 में आवश्यक संशोधन करके आदिवासी महिलाओं को भी संपत्ति में समान अधिकार प्रदान किए जाएं। सुप्रीम कोर्ट के इस मत से यह स्पष्ट है कि कोर्ट आदिवासी महिलाओं को पुरुषों के बराबर संपत्ति पर अधिकार देना चाहता है।

ज्ञात हो कि दिसंबर 2024 के अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने आदिवासी महिलाओं को समान उत्तराधिकार का अधिकार देने से परहेज किया था।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर टिप्पणी देते हुए भारत जन आंदोलन के विजय भाई ने कहा कि परम्परा एवं मौलिक अधिकार (संविधान का मूल ढांचा तत्व) के बीच को व्याख्या करते हुए न्यायमूर्ति ने मौलिक अधिकार को प्राथमिकता दी है।यह भी समझना होगा कि कोई भी परम्परा मौलिक अधिकार के विरुद्ध जाता है तो वो परम्परा खारिज हो जाता है। इसलिए आदिवासी परम्परा की जब भी बात करेंगे तो हमारी समतामूलक और सामूहिकता तत्वों के साथ - साथ सबसे पहले प्रत्यक्ष लोकतंत्र को ही प्रधानता देना होगा। बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ के राज कुमार सिन्हा ने कहा कि आदिवासी समुदाय पर संविधान द्वारा प्रदत अनुच्छेद 13 की दुहाई देते हुए रूढ़ी प्रथा के नाम पर अपनी महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक आजादी का हनन करने का आरोप भी लगता रहा है। जबकि आदिवासी समुदाय में दूसरे समुदायों से ज्यादा खुलापन है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया यह निर्णय, व्याप्त अंधकार में एक किरण की तरह उभरता है, जो आदिवासी समुदाय में हलचल पैदा करेगा।

# संसद का मानसून सत्र हंगामेंदार होने की उम्मीदें



विनोद कुमार सिंह

संसद का वर्तमान मानसून सत्र में विपक्षी पार्टियों ने सरकार को 4 ज्वलंत मुद्दों पर घरने का प्रयास करेगी...

संसद का यह मानसून सत्र हंगामेंदार होने की उम्मीदें है। संसद का वर्तमान मानसून सत्र में विपक्षी पार्टियों ने सरकार को 4 ज्वलंत मुद्दों पर घरने का प्रयास करेगी आप को बता दें कि जम्मू कश्मीर में हुए पहलगाम हमले व ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पहला संसद सत्र है।मानसुन सत्र से पहले केन्द्र सरकार ने इस संदर्भ में रविवार की सुबह नई दिल्ली स्थिति संसद परिसर स्थित एन्जसी में सर्वदलीय बैठक बुलाई थी।इस बैठक में कई दलों के नेताओं ने भाग लिया। इस बैठक के विभिन्न राज नीतिक दलों के प्रतिनिधियों के अनुसार संसद का वर्त्तमान सत्र के दौरान विपक्षी दलों द्वारा जम्मू कश्मीर में हुए हमले ऑपरेशन सिंदूर,मतदाता सुची में सुधार व वक्फ बिल अंहम जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है।सर्वविदित रहें कि संसद का यह सत्र 21जुलाई 25 से 21अगस्त 25 तक चलेगा।वहीं स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर 13और14अगस्त को संसद की बैठक नहीं होगी।

संसद के वर्तमान मानसून सत्र में विपक्ष दल द्वारा कई मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा है।विपक्ष इन सभी मुद्दों को सदन के पटल पर उठाने की योजना बना रहा है।सर्वविदित रहें कि विगत दिनों 24 पार्टियों ने एक-साथ बैठक की थी , जिसमें4 बड़े मुद्दों को फैसला किया गया है।इनमें पहलगाम हमले में हुई सुरक्षा चूक,ऑपरेशन सिंदूर में . विदेश नीति की नाकामयाबी,बिहार चुनाव से पहले मतदाता सूची में बदलाव व जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने जैसे मुद्दे शामिल हैं।इस मानसून सत्र के दौरान केंद्र सरकार कई बड़े बिल पेश करने और कुछ अंहम बिल पास करवाने की तैयारी में है। लोकसभा में मणिपुर माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025 जन विश्वास(प्रावधानों में संशोधन) विधेयक 2025,भारतीय प्रबंधन संस्थान(संशोधन)विधेयक 2025, कराधान कानून(संशोधन) विधेयक 2025,विरासत स्थल और भू- अवशेष(संरक्षण और रखरखाव) विधेयक 2025,खान और खनिज (विकास और विनियमन)संशोधन विधेयक 2025,राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025,राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन)विधेयक 2025 प्रमुख है।भारतीय राजनीति पर विशेष नजर रखने वाले राजनीति पंडितयों का मानना है।संसद का यह मानुसन सत्र हंगामेदार होने वाली है।विपक्षी दलों के सांसद द्वारा सभी पार्टी के नेता राष्ट्रीय व क्षेत्रीय समस्यायें के मुद्धा बनाने सरकार को घरने का भरसक प्रयास करेगी।वही भाजपा व उसके सहयोगी दल विपक्ष को करारा जबाब देने का मन बनाया है। रविवार की सुबह संसद के मानसून सत्र के केन्द्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष द्वारा बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, पहलगाम आतंक वादी हमले सहित विभिन्न मुद्दों को उठाए जाने की संभावना है।इस संदर्भ में लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने कहा,₹इस सत्र में हम जिन मुद्दों को महत्वपूर्ण मानते हैं,उनमें पहलगाम भी शामिल है।हमारी सीमाओं पर संघर्ष खास कर उन देशों के साथ जो दो मोर्चों पर एक साथ आ रहे हैं।₹ आज बिहार में विशेष गहन पुन निरीक्षण से जुड़ी चिंताओं विपक्ष की है।इन सभीअंहम मुद्दों पर,सरकार के मुखिया होने के नाते,प्रधानमंत्री का यह कर्तव्य व नैतिक दायित्व है कि वे संसद के गलियारों के माध्यम से राष्ट्र को संबोधित करें।मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री अपना नैतिक और नैतिक कर्तव्य निभाएँगे।₹राज्यसभा में आप के सांसद संजय सिंह का कहना है कि संसद में उठाए जाने वाले मुद्दे व रण नीति तैयार हैं।पीएम मोदी से इन मुद्दों पर जवाब देने के लिए संसद में मौजूद रहने की मांग की है।संजय सिंह ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सीजफायर पर किए गए दावे, ऑपरेशन सिंदूर और बिहार में एसआईआर जैसे अंहम मुद्दे हैं,जो संसद के भीतर उठाए जाएंगे।पहला सवाल देश की सुरक्षा से जुड़ा है।जिस तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति बार-बार दोहरा रहे हैं कि उन्होंने व्यापार समझौते के नाम पर युद्ध विराम कराया है,उस पर भारत सरकार को स्पष्टीकरण स्वंय प्रधान मंत्री को संसद मे स्वयं आकर इस पर बयान देना चाहिए।वे 5 विमानों को भी गिराए जाने की बात बोल रहे हैं,यह उनका काम नहीं है।उन्होंने कहा कि मैं संसद के भीतर यह मुद्दा उठाउंगा।आज दिल्ली में बुलडोजर कार्रवाई हो रही है।प्रधानमंत्री के गारंटी कार्ड देने के बाद यूपी,बिहार और पूर्वांचल के लोग जो छोटी दुकानें और ठेले लगाकर अपना जीवन बिताते हैं,उन्हें उजाड़ दिया गया है।हम राष्ट्रीय मुद्दों के साथ ही दिल्ली के भी प्रमुख मुद्दों को उठाएंगे।उन्होंने व्यापार समझौते को बातचीत का कार्ड बनाकर युद्ध विराम करवाया।सरकार को इस पर स्पष्टीकरण देना चाहिए।₹ बिहार में सर,यह कवायद बंद होनी चाहिए चुनावी घोटाला चल रहा है...अगर सरकार जवाब नहीं देती है,तो हम सदन के अंदर और बाहर सवाल उठाएँगे...₹आज की इस बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भाग लिया,जहां सरकार का प्रतिनिधित्व संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और उनके कनिष्ठ मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने किया।कांग्रेस के गौरव गोगोई और जयराम रमेश,एनसीपी- शरद पवार की सुप्रिया सुले,डीएमके के टीआर बालू और आरपीआई (ए) नेता केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले के सभी राजनीतिक दलो के नेता शामिल हुए ।असली तस्वीरें तो संसद के अन्दर देखने को मिलेगी।जब सता पक्ष - विपक्ष आमने -समानें सदन के पटल पर अपनी बातें रखेगी। भारतीय संसदीय के इतिहास इस बात का साक्षी है। भारतीय संविधान निमार्ताओं नें विद्यायी शक्तियों के लिए कानुन बनाने ' जनता के हितो के कल्याण व हितों के रक्षा लिए प्रावधान किया है।संसद का सत्र चलाने जनता की गाढ़ी कमाई के पैसे को खर्च किया जाता है।संसद का सत्र जनता के हितो को स्वस्थ चर्चा व कानून व्यवस्था पर जन प्रतिनिधियों के लिए सुदृढ निर्णय लेने के लिए किया लेकिन जनता के प्रतिनिधि के जब संसद के मंदिर में अपने पार्टी व नीजी स्वार्थो से उपर उठकर जनता व जन मानस की समस्याओं के निराकरण हेतु स्वस्थ्य चर्चा व जन हित में फैसले लेगें।



भारत में 49.1 करोड़ लोग यूपीआई का करते हैं उपयोग

18.39 अरब ट्रांजैक्शन में 24लाख करोड़ का लेनदेन

वैश्विक कंपनियों से ज्यादा यूपीआई से होता है लेनदेन

### दुनिया में 50 और भारत में 85% लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी | लेनदेन की संख्या में 32 प्रतिशत का इजाफा

# त्वरित भुगतान में ग्लोबल लीडर बना भारत, बीते माह में यूपीआई से हुआ 24 लाख करोड़ रुपए का लेनदेन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




बीते महीने सालाना आधार पर यूपीआई लेनदेन की संख्या में 32 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। पिछले साल जून में यूपीआई लेनदेन की संख्या 13.88 अरब थी। भारत त्वरित भुगतान में दुनिया में ग्लोबल लीडर के रूप में उभरा है। यूपीआई से अकेले जून माह में 24.03 लाख करोड़ रुपए का लेनदेन 18.39 अरब ट्रांजैक्शन के माध्यम से हुआ है। रविवार को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से जारी किए गए नोट में यह जानकारी दी गई। बीते महीने सालाना आधार पर यूपीआई लेनदेन की संख्या में 32 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। पिछले साल जून में यूपीआई लेनदेन की संख्या 13.88 अरब थी। आईएमएफ की रिपोर्ट में बताया गया कि वर्तमान में भारत में सभी डिजिटल लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी 85 प्रतिशत और दुनिया भर में सभी रियल टाइम डिजिटल भुगतानों में यूपीआई की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि अब यह प्रतिदिन 64 करोड़ से ज्यादा लेनदेन संभालता है। जो वीजा जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियों से कहीं ज्यादा है। जो प्रतिदिन लगभग 63.9 करोड़ लेनदेन संभालती हैं।

### बन सकता है गेम चेंजर

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर इसे स्वीकार कर लिया जाता है, तो इससे सीमा पार भुगतान तेज, सस्ता और अधिक सुरक्षित हो सकता है, जिससे वैश्विक डिजिटल लीडर के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत होगी। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा 2016 में लॉन्च किए गए यूपीआई ने डिजिटल भुगतान को सरल, तेज और सुलभ बना दिया है। मोबाइल फोन पर बस कुछ ही टैप से, यूजर्स व्यापारियों को भुगतान कर सकते हैं। दोस्तों को पैसे ट्रांसफर कर सकते हैं, या अपने बैंक खातों का प्रबंधन कर सकते हैं। इसकी सुविधा और गति ने इसे व्यक्तियों और व्यवसायों दोनों के बीच एक लोकप्रिय विकल्प बना दिया है।

### 7 देशों के लोग कर रहे यूपीआई का इस्तेमाल

*आईएमएफ की रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की सफलता वर्षों के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और समावेशी विकास के लिए टेक्नोलॉजी के उपयोग की एक मजबूत विजन का परिणाम है। यूपीआई की शुरुआत एक पेमेंट सिस्टम के रूप में हुई थी। अब पब्लिक डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में एक वैश्विक मानक बन गया है। यूपीआई का प्रभाव केवल भारत तक ही सीमित नहीं है। यह पहले से ही संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरीशस सहित सात देशों में मौजूद है। फ्रांस में इसकी शुरुआत यूरोप में इसके प्रवेश का प्रतीक है।*

### साढ़े 6 करोड़ व्यापारी करते हैं उपयोग

*यह उपलब्धि काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि यूपीआई केवल नौ वर्षों में इस मुकाम तक पहुंच गया है। यूपीआई प्लेटफॉर्म वर्तमान में 49.1 करोड़ व्यक्तियों और 6.5 करोड़ व्यापारियों को सेवाएं प्रदान करता है और 675 बैंकों को एक ही सिस्टम से जोड़ता है। इसने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिससे देशभर के लोगों विशेष रूप से ग्रामीण और छोटे शहरों के लोगों को आसान और किफायती तरीके से डिजिटल वित्तीय सेवाओं तक पहुंचने में मदद मिली है।*

## खबर संक्षेप

### किश्तवाड़ में सुरक्षा बलों की आतंकियों से मुठभेड़

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद की आतंकियों की घेरेबंदी की है।



सुरक्षाबलों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ देर रात तक चलती रही। शुरुआती जानकारी के अनुसार जैश ए मोहम्मद के काफी आतंकियों के इलाके में छिपे होने की आशंका है। यह मुठभेड़ किश्तवाड़ जिले के दच्छन इलाके में चल रही है। जम्मू कश्मीर में पहलगाम आतंकी हमले के बाद से सुरक्षा एजेंसियां लगातार हाई अलर्ट पर हैं। अतिरिक्त पुलिस बल की तैनात की भी गई है। जम्मू कश्मीर में एक यह कार्रवाई एक गोपनीय सूचना पर की गई।

### 20 साल से कोमा: सऊदी के स्लीपिंग प्रिंस नही रहे

**दुबई।** सऊदी अरब के प्रिंस अल वलीद बिन खालिद बिन तलाल अल सऊद का शनिवार को निधन हो गया। वे



पिछले 20 साल से कोमा में थे। उन्हें स्लीपिंग प्रिंस (सोते हुए राजकुमार) के नाम से जाना जाता था। प्रिंस अल वलीद सऊदी अरब के राजपरिवार के वरिष्ठ सदस्य प्रिंस खालिद बिन तलाल के बेटे और अरबपति प्रिंस अल वलीद बिन तलाल के भतीजे थे। उनका जन्म अप्रैल 1990 में हुआ था। साल 2005 में, लंदन में मिलिट्री ट्रेनिंग के दौरान उनका भयानक सड़क हादसा हुआ।

### दवा के बदले यौन संबंध की मांग, डॉक्टर गिरफ्तार

**न्यूजर्सी।** यहां भारतीय मूल के डॉक्टर पर कई चिकित्सा धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए हैं। जैसे कि वैध



चिकित्सा उद्देश्य के बिना ओपिओइड वितरित करना। ओपिओइड दवाओं के बदले में मरीजों से यौन संबंध बनाने की मांग करना, तथा ऐसे दौरे के लिए बिल बनाकर न्यू जर्सी मेडिकेड को धोखा देना, जो कभी हुआ ही नहीं। 51 वर्षीय रितेश कालरा अब घर पर नजरबंद हैं और उन्हें चिकित्सा पद्धति अपनाने तथा दवा लिखने से प्रतिबंधित कर दिया गया है तथा मामला लंबित रहने तक उन्हें अपनी चिकित्सा पद्धति बंद करनी होगी।

### रूस में 7.4 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी

**मॉस्को।** अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि रविवार को रूस के सुदूर पूर्व के तट पर कई



शक्तिशाली भूकंप आए। जिससे सुनामी की चेतावनी जारी हो गई। पहले रिक्टर स्केल पर 5.0 तीव्रता और 6.7 तीव्रता वाले भूकंप आए जिसके बाद सुनामी की चेतावनी नहीं दी थी। लेकिन इसके बाद जैसे ही 7.4 तीव्रता का भूकंप आया, चेतावनी देनी पड़ी कि खतरनाक सुनामी लहरें संभव हैं। इसमें कहा गया है कि पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की शहर से दूर, प्रशांत महासागर में भूकंप के केंद्र के 300 किमी के दायरे में तटीय क्षेत्रों के लिए लागू किया गया है।

### लोग अपने परिवार को बचाने की जद्दोजहद करते दिखे

# 300 यात्रियों से भरे जहाज में लगी आग यात्री बच्चों को गोद में लेकर कूदे

एजेंसी ▶▶ जकार्ता

इंडोनेशिया में एक समुद्री जहाज में भीषण आग लग जाने से 300 से ज्यादा यात्रियों की जान आफत में फंस गई। वीडियो में भयानक आग का मंजर देखा जा सकता है। आग काफी तेजी से पूरी जहाज को अपनी चपेट में



ले लिया जिसमें से ऊंची लपटें और काला धुआं साफ दिखाई दिया। इस जलती हुई फेरी से 280 लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया है। जबकि बच्चे सहित 18 लोग घायल हो गए हैं। जबकि काफी संख्या में लोग लापता भी बताए जा रहे हैं।

जहाज में भीषण आग लगने के बीच फंसे यात्रियों ने समुद्र में छलांग लगाना शुरू कर दिया। वीडियो में लोगों को समुद्र में कूदते देखा जा सकता है। यह आग इंडोनेशिया के तट के पास एक फेरी में लगी। इसके बाद उसमें सवार यात्रियों के बीच भयानक अफरातफरी मच गई। जहाज पर सवार 280 से अधिक लोग जान बचाकर निकलने में कामयाब रहे।

लापता लोगों की तलाश की जा रही है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुतबिक, एक अधिकारी ने पुष्टि की कि राहत बचाव के लिए घटनास्थल की तरफ केएम बार्सिलोना 3, केएम वेनेशियन और केएम कैंटिका लेस्टारी 9एफ जहाज को रवाना किया गया। इसके साथ ही मछली पकड़ने वाली नौकाएं और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

इंडोनेशिया में एक समुद्री जहाज में भीषण आग लग जाने से 300 से ज्यादा यात्रियों की जान आफत में फंस गई। वीडियो में भयानक आग का मंजर देखा गया। आग ने काफी तेजी से पूरी जहाज को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें से ऊंची लपटें और काला धुआं साफ दिखाई दिया।

### स्थानीय प्रशासन और सेना के जवान बचाव कार्य में जुटे

### शुरू किया गया तलाशी अभियान

**मछली पकड़ने वाली नावों ने बचाई जान**

फुटेज में लोग मदद के लिए चिल्ला रहे हैं। क्योंकि आग पूरे जहाज को चीरती हुई दिखाई दे रही है और घना, काला धुआं आसमान में उठता हुआ दिखाई दे रहा है। पास के टैलिस द्वीप से गुजर रही कई मछली पकड़ने वाली नौकाओं ने कुछ जीवित बचे लोगों को पानी से बचाया और अपनी नावों चढ़ाकर किनारे तक लाए।

**हादसे की फुटेज हुई वायरल**

फुटेज में नाव पर सवार लोगों जान बचाने के लिए समुद्र में कूदते दिखाया गया है, जिनमें से अधिकांश ने लाइफ सेफ्टी जैकेट पहन रखी है, लेकिन कुछ ने नहीं पहनी थी। कई यात्री बिना जैकेट के ही समुद्र में कूद गए हैं। एक महिला द्वारा फिल्माए गए एक वीडियो में, जो आग से लगभग 10 से 15 मीटर दूर तैरकर पहुंची थी। तस्वीरों में नाव पर सवार लोगों की हताशा का पता चलता है।



### कितने लोगों की हुई मौत

*इस जहाज पर 300 से 500 के बीच सवारों की संख्या होने की आशंका जाहिर की जा रही है। काफी लोग लापता बताए जा रहे हैं। हालांकि अभी तक किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। अधिकारियों और बचाव दल ने आग पर काबू पा लिया है और लापता लोगों की खोज जारी है। हादसे के कारणों की जांच भी शुरू कर दी गई है।*

### आ रहा है आसमान का शिकारी!



# अपाचे की एंट्री से थरथर कांपेगा दुश्मन, ताकत उड़ाएगी होश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

15 महीने से ज्यादा की देरी के बाद भारतीय सेना को आखिरकार अपाचे एएच-64ई अटैक हेलिकॉप्टरों की पहली खेप मिलने वाली है।

ये डिलीवरी पश्चिमी सीमा पर सेना की ताकत बढ़ाने और ऑपरेशन सिंदूर जैसे मिशनों में एयर स्ट्राइक क्षमता को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

डिलीवरी शेड्यूल से वाकिफ सूत्रों के अनुसार, पहले तीन हेलीकॉप्टर 22 जुलाई को भारतीय सेना की एविएशन कोर को सौंपे जाने की संभावना है।

**आज या कल जोधपुर पहुंच जाएंगे हेलीकॉप्टर**

### कई मायनों में खास

एएच-64ई अपाचे दुनिया के सबसे एडवांस्ट मल्टी-रोल अटैक हेलिकॉप्टर्स में से एक है, जो दुर्गम इलाकों में भी हाई इम्पैक्ट वाले हमले करने में सक्षम है। अमेरिकी रक्षा कंपनी बोइंग द्वारा निर्मित, अपाचे पहले से ही संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, इजराइल, मिस्र और अब भारत में सेवा में है। भारत ने 2015 के एक सौदे के तहत भारतीय वायु सेना के लिए 22 अपाचे खरीदे थे। फरवरी 2020 में रक्षा मंत्रालय ने छह और अपाचे के लिए 60 करोड़ डॉलर के कॉन्ट्रैक्ट को मंजूरी दी। इस बार विशेष रूप से भारतीय सेना के लिए।

### 6 अपाचे की खरीद, पहले 3 आएंगे

ये हेलीकॉप्टर आज या कल यानी 21 या 22 जुलाई तक जोधपुर पहुंच जाएंगे। इस दौरान आधिकारिक तौर पर सौंपे जाने से पहले इनका संयुक्त रसीद निरीक्षण (जेआरआई) किया जाएगा। ये भारतीय सेना के एविएशन कॉर्प्स के लिए खरीदे जा रहे छह अपाचे हेलीकॉप्टरों में से पहले तीन हैं। पश्चिमी सीमा पर इनकी तैनाती के लिए जोधपुर में एक समर्पित स्क्वाड्रन पहले ही तैयार किया जा चुका है।

### शुभांशु ने पोस्ट किया आईएसएस का वीडियो

# तेज होने के लिए कभी-कभी धीमा होना भी काफी जरूरी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा



किया है। इस वीडियो में शुभांशु अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर योग करते दिख रहे हैं। इस वीडियो के साथ शुभांशु ने लिखा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचने के बाद से ही तय समयसीमा में अपने कामों और प्रयोगों को करने में व्यस्त थे।

### छोटी सी गड़बड़ी भी अंतरिक्ष में भारी

शुरुआत में यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण होता है क्योंकि आप सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण (माइक्रोग्रैविटी) में चलना सीख रहे होते हैं और स्टेशन के बारे में जान रहे होते हैं। शुभांशु शुक्ला ने लिखा कि यह वीडियो मिशन के कुछ दिनों बाद का है जब मैं आखिरकार अपनी गतिविधियों पर बेहतर नियंत्रण कर पा रहा था। मैं बस स्थिर रहना चाहता था, कोई भी छोटी सी गड़बड़ी अंतरिक्ष में आपके शरीर को हिला सकती है और पूरी तरह से स्थिर रहने के लिए बेहद कौशल की जरूरत होती है।

### मॉस्को पर यूक्रेन का बड़ा हमला

# 134 फ्लाइट डायवर्ट, पुतिन 2,000 ड्रोन से देंगे जवाब

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस की राजधानी मॉस्को समेत कई शहरों पर यूक्रेन ने बड़ा हमला बोला है। इसकी वजह से हवाई सेवा बाधित हो गई है। करीब 134 फ्लाइट्स को डायवर्ट किया गया है। यूक्रेन ने मॉस्को पर 19 कामिकेज ड्रोन दागे हैं। इनमें से कुछ ड्रोन ऊंची इमारतों से टकराए हैं। यूक्रेन ने रूस पर कुल 93 कामिकेज ड्रोन से हमले बोले थे। इन हमलों से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तिलमिला उठे हैं। अब रूस यूक्रेन पर 2000 ड्रोनों से हमले की तैयारी कर रहा है।

### मॉस्को के आसपास हुए बड़े हमले

रूस के रक्षा मंत्रालय ने बाद में कहा कि उसके हवाई सुरक्षा बलों ने कथित तौर पर रात भर में नौ क्षेत्रों में 93 ड्रोन मार गिराए, जिनमें से 19 मॉस्को ओब्लास्ट क्षेत्र में थे। रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेनी सेना ने रविवार तड़के मॉस्को और आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले किए हैं। रूसी टेलीग्राम चैनलों के अनुसार, जेलेनोग्राद के उपनगरीय शहर के निवासियों ने विस्फोटों की आवाज सुनने की सूचना दी। धमाकों से कुछ इमारतों को नुकसान पहुँचा।

### प्लास्टिक प्रदूषण से मिलेगी राहत

# वैज्ञानिकों ने अमेजन के जंगलों में खोजा प्लास्टिक खाने वाला फंगस

येल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने अमेजन में यह फंगस खोजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्लास्टिक प्रदूषण आज के सबसे गंभीर पर्यावरणीय संकटों में से एक है। हर साल लगभग 8 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा समुद्रों में पहुंचता है, जिससे समुद्री जीवन, पारिस्थितिकी और भूमि प्रदूषण पर गंभीर असर पड़ता है। खासतौर पर पॉलीथीन (पीई) और पॉलीयूरीथेन (पीयू) जैसे गैर-बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक का निपटान बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। जर्मनी की लेक स्टेचलिन में वैज्ञानिकों द्वारा की गई हालिया खोज ने दुनिया को एक नई उम्मीद दी है।



वैज्ञानिकों ने ऐसे फंगस (कवक) की खोज की है जो सिंथेटिक पॉलिमर पर ही विकसित होता है और प्लास्टिक को खाकर बायोमास बना सकता है। ये फंगस विशेष परिस्थितियों जैसे तापमान, सूक्ष्म पोषक तत्व आदि पर निर्भर करता है और प्लास्टिक को ऊर्जा स्रोत के रूप में उपयोग करने में सक्षम है।

### विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक को नष्ट करने में सक्षम

*यह खोज तेजी से बढ़ते प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए एक क्रांतिकारी समाधान हो सकती है। 2011 में येल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने अमेजन वर्षावन में यह फंगस की खोज की थी, जो ऑक्सीजन रहित परिस्थितियों में पॉलीयूरीथेन प्लास्टिक को पचा सकता है। इस खोज ने आगे चलकर विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक को नष्ट करने में सक्षम फंगस प्रजातियों पर रिसर्च का रास्ता खोला।*

### लक्षद्वीप के अन्य इलाकों में बसाए जाने की चल रही प्रक्रिया

# तैयारी: बिट्रा द्वीप का अधिग्रहण करने जा रही सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार लक्षद्वीप के 'बिट्रा द्वीप' के अधिग्रहण की तैयारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक इस द्वीप का इस्तेमाल रक्षा उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। यहां पर रहने वाले लोगों को भी विस्थापित किया जा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्हें लक्षद्वीप के अन्य इलाकों में बसाया जाएगा।

वहीं लक्षद्वीप से सांसद हमदुल्ला सईद ने सरकार के इस कदम का कड़ा विरोध किया है। सांसद हमदुल्ला सईद ने बिट्रा के स्थानीय निवासियों को अपना पूरा समर्थन देते हुए आश्वासन दिया कि इस प्रस्ताव का विरोध करने के लिए वे राजनीतिक और कानूनी रास्ते अपनाएंगे।

भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन अधिनियम के तहत मिलेगा मुआवजा

बिट्रा लक्षद्वीप का सबसे छोटा आबादी वाला द्वीप



### सांसद हामदुल्ला सईद ने किया विरोध

पिछले सप्ताह जारी अधिसूचना में बताया गया है कि यह कदम द्वीप की रणनीतिक स्थिति, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से इसकी प्रासंगिकता और वहां की नागरिक आबादी से जुड़ी प्रशासनिक व रसद संबंधी चुनौतियों को ध्यान में रखकर उठाया गया है। क्षेत्रीय प्रशासन 2013 के भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन अधिनियम के तहत उचित मुआवजा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए द्वीप का अधिग्रहण करेगा। इस बीच, लक्षद्वीप के सांसद हामदुल्ला सईद ने बिट्रा द्वीप को अधिग्रहित करने के कदम का कड़ा विरोध किया है।

### एकतरफा कार्रवाई लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ

उन्होंने इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की भी मांग की। सईद ने बताया कि रक्षा उद्देश्यों के लिए आवश्यक भूमि सरकार द्वारा कई द्वीपों पर पहले ही अधिग्रहित कर ली गई है। दशकों से स्थायी आबादी वाले बिट्रा द्वीप को निशाना बनाना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। इस तरह की कार्रवाई बिना स्थानीय निवासियों से किसी भी प्रकार की बातचीत के की जा रही है, ये पूरी तरह गलत है।

### कश्मीर जाने वाला रास्ता बंद

# जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर समरौली के पास भूस्खलन



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-श्रीनगर हाईवे राज्य का एकमात्र प्रमुख संपर्क मार्ग है, जो जम्मू को कश्मीर घाटी से जोड़ता है। ऐसे में इस मार्ग पर भूस्खलन से न केवल यात्री परेशान हैं, बल्कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर भी असर पड़ सकता है।

### जेसीबी हटा रही रास्ते का मलबा

इससे वाहनों के चालक व यात्री परेशान होते रहे। सड़क पर पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थरों के साथ मलबा भी गिरा था। इससे सड़क पूरी तरह से बंद हो गई थी। एकतरफा भी वाहनों को नहीं निकाला जा सकता था। सूचना मिलने के बाद विभागीय टीम जेसीबी और कर्मचारियों के साथ पहुंच गई। जेसीबी की मदद से सड़क से बड़े-बड़े पत्थरों को हटाया। साथ ही मलबा साफ किया गया। इसके बाद वाहनों को दोनों तरफ से निकाला जाना शुरू कर दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### जीवन बीमा पर नया अध्ययन

नई दिल्ली। लाइफ़ इंश्योरेंस के एक नए अध्ययन में खुलासा हुआ है कि उत्तर भारत की 41 प्रतिशत ‘सैंडविच पीढ़ी’ अपने स्वयं का व्यवसाय शुरू करने को एक प्रमुख अल्पावधि का वित्तीय लक्ष्य मानती है, जो देश के किसी भी अन्य क्षेत्र की तुलना में सबसे अधिक है। यह मज़बूत उद्यमी सोच इस बात का संकेत है कि यह पीढ़ी वित्तीय स्वतंत्रता को अब केवल नौकरी की सुरक्षा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता के रूप में देख रही है। एडलवाइस लाइफ़ के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, अनुप सेठ ने कहा कि उत्तर भारत में उद्यमिता की गहरी प्रवृत्ति रही है।

### आईकू का नया फोन 24 को

नई दिल्ली। हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू 24 जुलाई को आईकू ज़ेड10आर लांच करने के लिए पूरी तरह तैयार है। छात्रों और नए कंटेंट क्रिएटर्स के लिए तैयार यह स्मार्टफोन 4के फ्रंट और रियर कैमरा, अल्ट्रा-स्लिम क्वाड-कर्व्ड डिस्प्ले और सेगमेंट-लीडिंग मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7400 प्रोसेसर के साथ आता है, जो उन लोगों के लिए एकदम सही विकल्प है जो हमेशा ऑन-द-गो रहते हैं और ऑनलाइन एक्टिव रहते हैं। यहां जारी बयान में कहा गया कि यह फोन आनलाइन प्लेटफार्म पर 24जुलाई को उपलब्ध कराने की तैयारी कंपनी द्वारा की जा रही है।

### पॉकेट एफएम ने लागत घटाई

नई दिल्ली। श्रव्य (सुनने वाला) मनोरंजन मंच पॉकेट एफएम ने अपने स्वामित्व वाले कृत्रिम मेधा (एआई) तंत्र के जरिये उत्पादन लागत में उल्लेखनीय कमी की है। कंपनी ने रविवार को बयान में कहा कि उसने पिछले एक साल में अपने सामग्री संचालन का काफी विस्तार किया है और 50,000 से ज़्यादा एआई द्वारा तैयार कार्यक्रमों का निर्माण किया है। पॉकेट एफएम के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोहन नायक ने कहा, ‘‘हम पॉकेट एफएम को एक एआई-संचालित मनोरंजन कंपनी में बदल रहे हैं, जिसमें कृत्रिम मेधा अब बड़े पैमाने पर सामग्री निर्माण, उत्पादकता और वैश्विक कहानी कहने को बढ़ावा दे रही है।’

### सैवी का आईपीओ 21 को

नई दिल्ली। गांधीनगर की इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) कंपनी सैवी इन्फ्रा एंड लॉजिस्टिक्स का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 21 जुलाई को खुलेगा। कंपनी ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि उसने अपने 70 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए 114-120 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी का आईपीओ 23 जुलाई को बंद होगा। कंपनी के शेयर एनएसई इमर्ज पर सूचीबद्ध होंगे। आईपीओ के तहत 58.32 लाख नए शेयर जारी किए जाएंगे। आईपीओ से प्राप्त 49 करोड़ रुपये की राशि का इस्तेमाल कार्यशील पूंजी की जरूरतों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा।

### सिएट को वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली। टायर विनिर्माता कंपनी सिएट लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष (2025-26) में घरेलू पुराने वाहनों में टायर बदलने के खंड (रिप्लेसमेंट), विशेष रूप से ग्रामीण बाजारों से दहाई अंक में वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ अर्नब बनर्जी ने कहा कि इससे बिक्री बढ़ेगी। हालांकि, वाहन विनिर्माता कंपनियों को सीधी आपूर्ति कम रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि कंपनी अमेरिका में शुल्क की स्थिति पर भी नजर रख रही है, जो एक बड़ा विकासशील बाजार है, लेकिन अभी उसके लिए उतना महत्वपूर्ण नहीं है। कंपनी ने आगे चलकर देश में अपने विस्तार की दिशा तय करने के लिए अमेरिका पर भी नजर रखी है।

### रायल ओक फर्नीचर पर छूट

नई दिल्ली। रॉयलओक के फर्नीचर अब लोगों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी योगदान दे कर रहे हैं। रॉयलओक किफायती कीमतों पर फर्नीचर और होम डेकोर की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराकर घर का एक ऐसा वातावरण बनाने में मदद कर रहा है, जो मानसिक शांति और आराम का अनुभव कराए, वह भी 70% तक की छूट के साथ। दिल्ली-एनसीआर और आगरा क्षेत्र में ब्रांड के कई स्टोर्स संचालित हो रहे हैं। सोहना रोड, फरीदाबाद, गुरुग्राम, पश्चिम विहार और कीर्ति नगर जैसे प्रमुख स्थानों पर स्थित रॉयलओक के शोरूम्स में फर्नीचर की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। यह जानकारी रॉयलओक फर्नीचर के चेयरमैन और फाउंडर, ने दी।

# अप्रैल से जून के बीच पकड़ी गईं 3558 जाली कंपनियां

## ■ जीएसटी अफसरों ने ₹15851 के फर्जी आईटीसी क्लेम का पता लगाया

**नई दिल्ली (भाषा)।**

जीएसटी अधिकारियों ने चालू वित्त वर्ष की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 15,851 करोड़ रुपये के फर्जी इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) दावों का पता लगाया है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, जाली कंपनियों की संख्या में सालाना आधार पर कमी आई है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान केंद्रीय और राज्य जीएसटी अधिकारियों द्वारा पकड़ी गई फर्जी कंपनियों की कुल संख्या 3,558 रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के आंकड़े 3,840 से कम है।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की अध्यक्षता में राज्यों के वित्त मंत्रियों की एक समिति वर्तमान में विशिष्ट क्षेत्रों में कर चोरी का अध्ययन कर रही है और आईटीसी धोखाधड़ी को रोकने के तरीकों पर विचार कर रही है। एक अधिकारी ने कहा, ‘औसतन, हर महीने लगभग 1,200 फर्जी कंपनियां पकड़ में आ रही है। अप्रैल-जून की अवधि में फर्जी कंपनियों की संख्या पिछले साल की समान अवधि की तुलना में कम है, जो दर्शाता है कि फर्जी जीएसटी पंजीकरण के खिलाफ अभियान कारगर रहा है। चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही के दौरान केंद्रीय और राज्य जीएसटी अधिकारियों द्वारा पकड़ी गई फर्जी कंपनियों और आईटीसी धोखाधड़ी के आंकड़ों के अनुसार, 3,558




फर्जी फर्मों से जुड़े 15,851 करोड़ रुपये का आईटीसी धोखाधड़ी से लिया गया। इस अवधि के दौरान, जीएसटी अधिकारियों ने 53 लोगों को गिरफ्तार किया और 659 करोड़ रुपये बरामद किए गए।

वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में, जीएसटी अधिकारियों ने 3,840 फर्जी कंपनियों से जुड़े 12,304 करोड़ रुपये के फर्जी आईटीसी का पता लगाया था। 549 करोड़ रुपये बरामद किए गए थे और 26 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। जीएसटी व्यवस्था के तहत, आईटीसी कंपनियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं से खरीदारी पर चुकाए गए करों से है। कर देयता का भुगतान करते समय इस कर का दावा क्रेडिट या कटौती के रूप में किया जा सकता है।

फर्जी आईटीसी से निपटना जीएसटी प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती रही है क्योंकि बेईमान तत्व केवल आईटीसी का दावा करने और सरकारी खजाने को चूना लगाने के लिए फर्जी कंपनियां बना लेते है। वर्ष 2024-25 के दौरान, जीएसटी अधिकारियों ने 61,545 करोड़ रुपये की आईटीसी धोखाधड़ी में शामिल 25,009 फर्जी कंपनियों का पता लगाया था। जीएसटी अधिकारियों ने माल एवं सेवा कर के तहत फर्जी पंजीकरण के खिलाफ दो अखिल भारतीय अभियान चलाए है।

## नए आयकर विधेयक पर संसदीय समिति की रिपोर्ट आज पेश होगी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

नए आयकर विधेयक-2025 की समीक्षा के लिए गठित संसदीय समिति की रिपोर्ट सोमवार को लोकसभा में पेश की जाएगी। यह छह दशक पुराने आयकर अधिनियम का स्थान लेगा। भाजपा नेता बैजयंत पांडा की अध्यक्षता वाली 31 सदस्यीय प्रवर समिति को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नए आयकर विधेयक, 2025 की समीक्षा के लिए नियुक्त किया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 13 फरवरी को इसे लोकसभा में पेश किया था।

समिति ने 285 सुझाव दिए है और 16 जुलाई को अपनी बैठक में नए आयकर विधेयक-2025 पर रिपोर्ट को अपनाया है। इसे अब आगे की कार्रवाई के लिए सदन में पेश किया जाएगा। सरलीकृत आयकर विधेयक, जो 1961 के आयकर अधिनियम के आकार का आधा है, मुकदमेबाजी और नई व्याख्या के दायरे को कम करके कर निश्चितता प्राप्त करने का प्रयास करता है।

लोकसभा में पेश किए गए नए विधेयक में शब्दों की संख्या कम यानी 2.6 लाख है। यह आयकर अधिनियम के 5.12 लाख शब्दों से काफी कम है। इसमें धाराओं की संख्या 536 है, जबकि मौजूदा कानून में 819 धाराएं प्रभावी है। आयकर विभाग द्वारा जारी एफएक्यू के अनुसार, अध्यायों की संख्या भी 47 से घटाकर 23 कर दी गई है। आयकर विधेयक-2025 में 57 तालिकाएं (टेबल) है, जबकि मौजूदा अधिनियम में 18 थीं। इसमें 1,200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए है।

## पाइप्ड रसोई गैस की समान कीमत वसूलने के निर्देश

**नई दिल्ली (भाषा)।**

पेट्रोलियम क्षेत्र के नियामक पीएनजीआरबी ने शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को आदेश दिया है कि वे खाना पकाने के लिए घरों में पाइप से आने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के लिए एक समान कीमत वसूलें, चाहे खपत का स्तर कुछ भी हो।



ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि एक निश्चित उपयोग सीमा से अधिक उपयोग पर अधिक कीमत वसूलने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके। सरकार, शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को बाजार मूल्य से कम कीमत पर प्राकृतिक गैस आवंटित करती है, जिसे एपीएम गैस कहा जाता है। यह गैस घरों में पाइप से आने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के रूप में बिक्री के लिए उपलब्ध होती है। चूंकि सरकार यह आवंटन बाजार मूल्य से कम पर करती है, इसलिए उम्मीद की जाती है कि शहरी गैस खुदरा विक्रेता इसका लाभ उपयोगकर्ताओं को देंगे।

घरेलू रसोई के लिए इस्तेमाल होने वाली गैस की कीमत बाजार मूल्य से कम होती है, जबकि होटल जैसे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को आपूर्ति की जाने वाली गैस की कीमत बाजार मूल्य पर होनी चाहिए। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने एक नोटिस में कहा कि यह पाया गया है कि कुछ शहरी गैस वितरण (सीजीडी) कंपनियां पीएनजी के घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बढ़ती हुई मूल्य निर्धारण संरचना लागू कर रही हैं, जहां खपत पूर्वनिर्धारित सीमा से अधिक होने पर प्राकृतिक गैस की प्रति इकाई (मानक घन मीटर) कीमत बढ जाती है।

पीएनजीआरबी ने कहा कि ऐसी प्रथा गलत है। नियामक ने कहा, ‘‘इस तरह का मूल्य निर्धारण व्यवहार अनजाने में सब्सिडी वाले प्रशासित मूल्य तंत्र (एपीएम) गैस के अनधिकृत उपयोग को बढावा दे सकता है।’ नियामक ने हालांकि ऐसी प्रथा में शामिल सीजीडी कंपनियों के नाम नहीं बताए।

## आठवीं बार छलकने को तैयार बीसलपुर बांध,जलस्तर 315 मीटर पर पहुंचा – गेट खुलने की भी तैयारी

**किस्मत भीलवाड़ा**





**केकड़ी** लगातार हो रही बारिश के चलते बीसलपुर बांध एक बार फिर ओवरफ्लो की दहलीज पर है। पिछले 24 घंटों में जलस्तर में 39 सेंटीमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है और रविवार शाम तक बांध का जलस्तर 315 मीटर पहुंच चुका है, जबकि इसकी कुल भराव क्षमता 315.50 मीटर है। यानी अब सिर्फ 50 सेंटीमीटर और पानी भरने पर यह आठवीं बार ओवरफ्लो हो जाएगा। इस समय बांध में 35.190 टीएमसी (91 प्रतिशत ) पानी संग्रहित हो चुका है। त्रिवेणी का बैकवाटर स्तर 3.40 मीटर है। बीते 24 घंटे में क्षेत्र में 3 एमएम वर्षा दर्ज की गई और कुल मानसूनी वर्षा 597 एमएम तक पहुंच चुकी है। सूत्रों के अनुसार, इस बार जल प्रबंधन को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। जैसे ही बीसलपुर बांध में 95 प्रतिशत जल भराव हो जाएगा, उसके गेट खोलने की तैयारी कर ली जाएगी। इसका प्रमुख कारण यह है कि अब बीसलपुर के डाउनस्ट्रीम में इसरदा बांध का निर्माण हो चुका है। जल दबाव इसरदा पर न बढ़े, इसके लिए बीसलपुर से पानी की निकासी समय रहते शुरू की जाएगी ।

## पहली तिमाही में वाहन निर्यात 22% बढ़ा

**नई दिल्ली (भाषा)।** देश के वाहन निर्यात में अप्रैल-जून तिमाही में 22 प्रतिशत का उछाल आया है। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम का कहना है कि यात्री वाहनों के रिकॉर्ड निर्यात, दोपहिया तथा वाणिज्यिक वाहन खंड के बेहतर प्रदर्शन से कुल वाहन निर्यात बढ़ा है। जून तिमाही में वाहन निर्यात बढ़कर 14,57,461 इकाई पर पहुंच गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 11,92,566 इकाई था। यह 22 प्रतिशत की वृद्धि है।



पहली तिमाही में यात्री वाहनों का निर्यात अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 2,04,330 इकाई पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 1,80,483 इकाई के आंकड़े की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने कहा कि निर्यात वृद्धि अधिकांश बाजारों में स्थिर मांग और पश्चिम एशिया तथा लातिनी अमेरिका में मजबूत प्रदर्शन के कारण हुई है।

श्रीलंका और नेपाल जैसे पड़ोसी बाजारों में मांग में सुधार, जापान से बढ़ती मांग और ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) ने वाहन निर्यात बढ़ाने में मदद की है। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने पहली तिमाही में 96,181 यात्री वाहनों का निर्यात किया। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के आंकड़े 69,962 की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक है। यात्री वाहन निर्यात में मारुति सबसे आगे रही है। मारुति के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (कॉरपोरेट मामले) राहुल भारती ने कहा कि कंपनी पिछले चार वर्षों से भारत के यात्री वाहनों के निर्यात में आगे रही है।

## ज्यादा लाभ के लिए लक्जरी घरों को तरजीह दे रहीं कंपनियां

**नई दिल्ली (भाषा)।**

देश में रियल एस्टेट कंपनियां लग्जरी और प्रीमियम मकानों को अधिक तरजीह दे रही है। इसका कारण जहां जमीन की कीमत अधिक होने से मध्यम आय और किफायती श्रेणी के मकानों में कीमत को एक दायरे में रखने को लेकर चुनौती है, वहीं लग्जरी खंड में मार्जिन अधिक होने के साथ-साथ मांग भी अच्छी है। रियल एस्टेट क्षेत्र के विशेषज्ञों ने यह बात कही है।

उनका कहना है कि सरकार शहरी और मध्यम आय वर्ग के परिवारों के लिए पीएमएवाई (प्रधानमंत्री आवास योजना) जैसे कार्यक्रमों के पुनरुद्धार और विस्तार के साथ नीतिगत समर्थन और वित्तीय प्रोत्साहन के माध्यम से मध्यम आय वर्ग की घर की जरूरत को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।




सीबीआरई-एसोचैम की हाल में जारी रिपोर्ट के अनुसार, देश के सात प्रमुख शहरों में लग्जरी मकानों की बिक्री इस साल की पहली छमाही में 85 प्रतिशत बढ़कर करीब 7,000 इकाई रही। इसमें दिल्ली-एनसीआर की हिस्सेदारी सर्वाधिक 57 प्रतिशत, जबकि मुंबई की 29 प्रतिशत रही।

देश के प्रमुख शहरों के साथ-साथ लखनऊ, जयपुर और कोच्चि जैसे अन्य मझोले और छोटे शहरों में भी अब लग्जरी आवास की मांग तेजी से बढ़ रही है।

इस मांग को देखते हुए कंपनियां भी इन शहरों में अपनी परियोजनाएं पेश कर रही हैं। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष निकाय नारेडको (नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी हरि बाबू ने कहा, ‘पिछली कुछ तिमाहियों से कंपनियों का रुझान लग्जरी और प्रीमियम मकानों की ओर बढ़ा है।

कोलियर्स इंडिया के निदेशक और प्रमुख (उत्तर भारत और रिहायशी सेवाएं) दीपक मिश्रा ने भी कहा, ‘कंपनियां लग्जरी मकानों को तरजीह दे रही हैं। इसका कारण अब घर खरीदार बड़े घरों, गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक सुविधाओं वाले अपार्टमेंट, हरे-भरे इलाके और उन्नत क्लब सुविधाओं की तलाश कर रहे हैं।’

## स्विफ्ट मानदंडों का कार्यान्वयन तेज करें बैंक : आईबीए

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय बैंक संघ (आईबीए) ने सभी बैंकों से स्विफ्ट आईएसओ-20022 मानदंडों के कार्यान्वयन में तेजी लाने को कहा है। आईबीए ने कहा कि ऐसा न करने पर उन्हें सीमापार भुगतान में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। ऋणदाताओं के लिए आईएसओ-20222 लेनदेन की मात्रा की निगरानी के लिए पर्याप्त बफर समय सुनिश्चित करने को अगस्त, 2025 तक स्थानांतरण शुरू करना आवश्यक है।

आईबीए के मुख्य कार्यकारी अतुल कुमार गोयल ने हाल में सभी बैंकों के प्रमुखों को लिखे एक पत्र में यह बात कही। आईएसओ-20022 वित्तीय संदेश के लिए एक वैश्विक मानक है, जिसे सोसायटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्युनिकेशन (स्विफ्ट) सीमापार भुगतान और रिपोर्टिंग के लिए अपना रहा है। संदेश के लिए इस नए मानक का मकसद तेज प्रसंस्करण और भुगतान प्रवाह में सुधार करना है। भारत में कम से कम तीन बैंकों ने 85 प्रतिशत से अधिक की स्थानांतरण प्रतिशत दर हासिल कर ली है, जबकि अधिकांश बैंक अब भी नवंबर, 2025 की वैश्विक समयसीमा के आसपास बदलाव का लक्ष्य बना रहे हैं।

## कारपोरेटनामा

### सनफीस्ट का पैनल चर्चा कार्यक्रम




**नई दिल्ली (वि.)।** सनफीस्ट मॉम्स मैजिक ने एक विशेष पैनल चर्चा का आयोजन किया, जहां विशेषज्ञों और मशहूर हस्तियों ने बच्चा गोद लेने के महत्व पर चर्चा की। इस पैनल में सौमेता मेधोरा, सचिव, इंडियन सोसाइटी फॉर स्पॉन्सरशिप एंड एडॉप्शन (आईएसएसए) फिल्मकार अनिरुद्ध रॉय चौधरी, अभिनेत्री जया अहसन, अभिनेत्री मंदिरा बेदी और आईटीसी फूड्स के चीफ डिजिटल मार्केटिंग ऑफिसर एस. बनर्जी शामिल थे। इस चर्चा ने गोद लेने से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और समाज में खुली वाद-विवाद को बढ़ावा देने में मदद की। यह खास कार्यक्रम डियर मां फिल्म के साथ साझेदारी में आयोजित किया गया। इस खास मौके पर गोद लेने वाली माताओं के असीम प्यार पर एकदिल छू लेने वाली कविता ‘‘दिल से मां’ पेश की गई। इस कार्यक्रम ने मातृत्व की नई परिभाषा गढ़ी जहाँ रिश्ता खून से नहीं, प्यार से बनता है। यह एकमां के जादूको समर्पित एक भावुक श्रद्धांजलि थी।

### योद्धा ईपॉड इलेक्ट्रिक योद्धा लांच

**नई दिल्ली (वि.)।** भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के बाजार को नया आकार देने के उद्देश्य से योद्धा ब्रांड ने अपने पहले उत्पाद ईपॉड को राष्ट्रीय स्तर पर लांच किया है। हालांकि इस वाहन की घोषणा देशभर के लिए की गई है, लेकिन इसकी पहली बिक्री असम, बिहार, और मध्य प्रदेश से शुरू की जा रही है। कंपनी ने असम, बिहार, और मध्य प्रदेश को अपना पहला प्राथमिक बाज़ार इसलिए चुना है क्योंकि यहां ई-वाहनों को अपनाने की गति तेज़ है, तीन-पहिया वाहनों की मांग अधिक है और बड़ी संख्या में स्व-रोजगार करने वाले ड्राइवर एक किफायती और टिकाऊ समाधान की तलाश में हैं। योद्धा ईपॉड एक अत्याधुनिक तकनीक से युक्त एल5 कैटेगरी का पैसेंजर इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर है, जो एक बार फुल चार्ज होने पर 227 किलोमीटर तक चल सकता है। योद्धा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आयुष लोहिया का कहना है, ‘हम सिर्फ एक वाहन नहीं दे रहे, हम आत्मनिर्भरता और सम्मान के साथ कमाई का ज़रिया पेश कर रहे हैं। इस वाहन का निर्माण उत्तराखंड के काशीपुर स्थित कंपनी के अत्याधुनिक संयंत्र में किया जा रहा है।

### एनआईआरएल ₹4000 करोड़ जुटाएगी

**नई दिल्ली (भाषा)।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनएलसी इंडिया की नवीकरणीय ऊर्जा इकाई एनआईआरएल के अगले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सूचीबद्ध होने की उम्मीद है। कंपनी की योजना विस्तार योजनाओं के आंशिक वित्तपोषण के लिए लगभग 4,000 करोड़ रुपये जुटाने की है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रसन्ना कुमार मोटुपल्ली ने एक साक्षात्कार में कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की यह कंपनी 2030 तक अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को मौजूदा के 1.4 गीगावाट से बढ़ाकर 10 गीगावाट करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी की योजना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 4,000 करोड़ रुपये जुटाने की है। कंपनी 2026-27 की पहली तिमाही में बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दस्तावेजों का मसौदा दाखिल करने की योजना बना रही है। मोटुपल्ली ने कहा, ‘हम आईपीओ के ज़रिये 4,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य बना रहे हैं। इसलिए सितंबर तक हम एनआईआरएल के जरिये अपनी नवीकरणीय संपत्तियों को बढ़ाने की स्थिति में होंगे और मार्च, 2026 तक हम कानूनी और वित्तीय जांच-परख पूरी कर लेंगे।’

### टाटा ने पेश किया कंज्यूमर फंड

**नई दिल्ली (वि.)।** कंजम्प्शन पर आधारित म्यूचुअल फंडों ने 2024 में निवेशकों को काफी आकर्षित किया है। इसे ध्यान में रखते हुए टाटा ने टाटा इंडिया कंज्यूमर फंड निवेशकों के लिए लांच किया है। टाटा इंडिया कंज्यूमर फंड की मासिक औसत प्रबंधनाधीन संपत्ति 2457.4 करोड़ रुपये तक पहुंच गई, जिसमें 31 मार्च, 2024 के 1,457 करोड़ रुपये से 69% की वृद्धि हुई है। टाटा म्यूचुअल फंड के आंतरिक आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2024 से जून 2025 के बीच कानपुर से टाटा इंडिया कंज्यूमर फंड में 5.2 करोड़ रुपये का निवेश हुआ टाटा एसेट मैनेजमेंट की सीनियर फंड मैनेजर सोनम उदासी ने कहा, ‘भारत में कंजम्प्शन एक स्ट्रक्चरल थीम बनी हुई है। उन्होंने कहा, ‘हमने टाटा इंडिया कंज्यूमर फंड को विवेकाधीन और सेवा आधारित खपत की ओर झुकाव के साथ रिपोज़िशन किया है, और अत्यधिक प्रचलित, बहुत ज़्यादा इस्तेमाल किए जाने वालों को टाला है। भोपाल जैसे शहरों में हम जो रुझान देख रहे है, वह इस बात की पुष्टि करता है कि निवेशक इस दीर्घकालिक निवेश अवसर का लाभ उठा रहे है। कंजम्प्शन फंडों ने 2024 में 20.96% रिटर्न दिया है।

### टीवीएस अपाचे आरटीआर 310 लांच हुई

**नई दिल्ली (वि.)।** टीवीएस मोटर कंपनी ने अपाचे आरटीआर 310, द अल्टीमेट स्ट्रीट वैपन को बाजार में उतारने का ऐलान किया है। राइडर को ध्यान में रखते हुए परफोर्मेन्स, अपग्रेड्स और एग्रेसिव स्टाइलिंग के साथ पेश की गई 2025 टीवीएस अपाचे आरटीआर 310 सड़क पर प्रभुत्व बनाते हुए अपने डीएनए पर खरी उतरती है। पावर और प्रेसीज़न का बेहतरीन संयोजन यह मशीन उन लोगों के लिए डिज़ाइन की गई है जो आत्मविश्वास, नियन्त्रण और कैरेक्टर के साथ राइड करना पसंद करते है। ओबीडी2बी-कम्प्लायन्ट 2025 टीवीएस अपाचे आरटीआर 310, रियल टाइम एमिशन मॉनिटरिंग, शार्प रिस्पॉन्स और इंजन के बेहतर स्वास्थ्य के साथ स्मार्ट परफार्मेन्स को नया आयाम देती है। नेक्स्ट-जैन मल्टी-लैंग्वेज यूआई/यूएक्स क्लस्टर के साथ यह राइड को अधिक सहज और पर्सनलाइज़्ड बनाती है। सस्टेनेबिलिटी एवं इनोवेशन के साथ राइडर को अभूतपूर्व संतोषजनक अनुभव प्रदान करती है।

### प्रसार भारती का वेव्स ओटीटी टाटा प्ले पर

**नई दिल्ली (वि.)।** टाटा प्ले बिंज पर प्रसार भारती का ओटीटी प्लेटफॉर्म, वेव्स उपलब्ध हो गया है। यह ऐप टाटा प्ले बिंज को और ज्यादा विशाल ग्राहकों के बीच पहुंचाने में मदद करेगा। वेव्स पर उपलब्ध प्रोग्राम को परिवार के साथ बैठकर देखा जा सकता है। यहां पर क्षेत्रीय, सांस्कृतिक, हिंदी और सदाबहार कार्यक्रम देखे जा सकते है। इस साझेदारी द्वारा दूरदर्शन के कार्यक्रम एक ही सदस्यता में टाटा प्ले बिंज पर देखे जा सकेंगे। टाटा प्ले बिंज के दर्शक वेव्स पर उपलब्ध सभी कार्यक्रम देख सकते है। यहाँ पूरे परिवार के लिए अलग-अलग इलाकों और संस्कृतियों से जुड़ा मनोरंजन मिलता है। टाटा प्ले की चीफ कमर्शियल एवं कंटेंट ऑफिसर, पल्लवी पुरी ने कहा टाटा प्ले बिंज ओटीटी कंटेंट को हर भारतीय तक आसानी से पहुंचाने के लिए शुरू किया गया था।

### स्कोडा आटो ने बिक्री में दर्ज की वृद्धि

**नई दिल्ली (वि.)।** स्कोडा आटो ने इस महीने 2025 की पहली छमाही में अपनी अब तक की सबसे ज़बरदस्त बिक्री दर्ज की है। इस अवसर पर स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा और अब एक और बड़ी उपलब्धि के रूप में ब्रांड ने देश के 172 शहरों में 300 से अधिक ग्राहक टचपॉइंट्स का आंकड़ा पार कर लिया है। ग्राहक अनुभव को बेहतर से बेहतरीन बनाना स्कोडा ऑटो की भारत में तेज़ रफ्तार विकास रणनीति का मूल मंत्र है। देशभर में तेज़ी से बढ़ता यह नेटवर्क, न केवल स्कोडा की बढ़ती पहुंच का प्रमाण है, बल्कि भारतीय ग्राहकों के बीच उसके मज़बूत होते भरोसे की कहानी भी कहता है। उन्होंने कहा कि हमारे नेटवर्क के विस्तार से हमारी कारें और सेवाएं अब ज़्यादा लोगों तक पहुंच रही है। इससे ग्राहकों को देशभर में तेज़, भरोसेमंद और गुणवत्ता से भरपूर सेवा मिल रही है।

## अपने दादा डोनाल्ड ट्रंप से पांच गुना ज्यादा कमा रहीं हैं काई



वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जहां हर मंच पर अपनी ताकत और दौलत का डंका बजाते दिखते हैं। वहीं अब उनकी 18 साल की पोती काई ट्रंप ने कमाई के मामले में दादा को भी पीछे छोड़ दिया है। सोशल मीडिया सेंसेशन, मॉडल और गोल्फर बनने की तैयारी कर रही काई टीनएज में ही करोड़ों की मालकिन बन चुकी हैं। हैरानी की बात ये है कि वह अपने दादा ट्रंप से पांच गुना ज्यादा कमा रही हैं। काई ट्रंप, डोनाल्ड ट्रंप जूनियर और उनकी पूर्व पत्नी वनेसा ट्रंप की बेटी हैं। उनकी मौजूदा कुल संपत्ति करीब 21 मिलियन डॉलर (लगभग 175 करोड़ रुपए) आंकी गई है। अकेले नाम, छवि और पहचान डील्स से ही काई को 1.2 मिलियन डॉलर से अधिक का फायदा हुआ है। ये डील्स अमेरिकी कॉलेज एथलीट्स को खुद की ब्रांड वैल्यू के दम पर कमाने की इजाजत देती हैं, चाहे वह खेल में कितना भी परफॉर्म करें। डोनाल्ड ट्रंप को बतौर अमेरिकी राष्ट्रपति सालाना 400,000 डॉलर की सैलरी मिलती है। इसके मुकाबले काई की कमाई लगभग पांच गुना है। यानी परिवार की अगली पीढ़ी अब सिर्फ राजनीति या बिजनेस नहीं बल्कि ब्रांडिंग और सोशल मीडिया के दम पर भी ट्रंप नाम को ऊंचाई दे रही है। काई फिलहाल फ्लोरिडा के पाम बीच स्थित द बेन्जामिन स्कूल से पढ़ाई कर रही हैं। वे 2026 में हाई स्कूल से ग्रेजुएट होंगी और इसके बाद यूनिवर्सिटी ऑफ मियामी जाएंगी। वहां वह कॉलेज की ओर से गोल्फ खेलेंगी। उन्हें अमेरिका की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली स्टूडेंट एथलीट्स में गिना जा रहा है। काई ट्रंप की सालाना कमाई 2.5 मिलियन डॉलर यानी करीब 20 करोड़ रुपए है। यह कमाई उन्हें मॉडलिंग कॉन्ट्रैक्ट्स, ब्रांड एंडोरसमेंट और सोशल मीडिया स्पॉन्सरशिप्स से होती है। उनके पास इंस्टाग्राम पर 1.8 मिलियन, टिक टॉक पर 3.2 मिलियन और यूट्यूब पर 1.17 मिलियन फॉलोअर्स हैं। सोशल मीडिया की ताकत ने उन्हें एक्सीलेरेटर एक्टिव एनर्जी, लीफ ट्रेडिंग कार्ड्स और टेलरमेड गोल्फ जैसे ब्रांडों का चेहरा बना दिया है।

## डेल्टा एयरलाइंस के विमान में उड़ान भरते ही लगी आग, इमरजेंसी लैंडिंग कराई



लॉस एंजिल्स(एजेंसी)। लॉस एंजिल्स अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अटलांटा जा रहे डेल्टा एयरलाइंस के विमान में उड़ान भरने के तुरंत बाद ही इसके इंजन में आग लग गई जिसके बाद उसे वापस अपने एलएएक्स पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। लैंडिंग व... एयरपोर्ट के अग्निशमन दल ने आग को तुरं... दिया। इस हादसे में किसी के हताहत होने की... नहीं है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दुर्घटनाग्र... विमान बोइंग 767-400 द्वारा संचालित किय... था जिसका पंजीकरण एन836एमएच है। जा... के मुताबिक यह विमान 24.6 साल पुराना... इसमें दो जीई सीएफ6 इंजन लगे हैं। उड़ान भ... विमान के इंजन में आग लगने का वीडियो में कै... कैद हो गया। वहीं विमान की आपातकालीन लैं... रिकॉर्ड किया गया जिसमें विमान के बाएं इंजन... की लपटें निकलती दिख रही थीं। यह वीडियो... मीडिया पर वायरल हो रहा है। बता दें यह इ... दूसरी बार है जब डेल्टा एयरलाइंस के किसी वि... आग लगने की घटना हुई है। इससे पहले अप्रैल... ऑरलैंडो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर डेल्टा... विमान में आग लग गई थी। उस समय भी अ... जानकारी समय रहते मिल गई थी जिससे ए... हादसा टल गया था। उस विमान में 282 या... फ्लाइट अटेंडेंट और दो पायलट सवार थे औ... भी किसी के हताहत होने की सूचना नहीं थ... घटनाएं विमानों के रखरखाव और सुरक्षा प्रो... पर सवाल खड़े कर रही है लेकिन पायल... सूझबूझ और त्वरित बचाव दल की कार्रवाई... हादसों को टाला जा सका।

## भूकंप तेज झटकों से थर्राया रूस, कामचातका में सुनामी की चेतावनी

### भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गई

मॉस्को। रूस के सुदूर पूर्वी क्षेत्र में रविवार को तेज भूकंप के झटकों ने दहशत फैला दी। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गई है। इसके बाद प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कामचातका प्रायद्वीप के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है। इस भूकंप का केंद्र पेत्रोपावलोव्स्क-कामचात्स्की शहर से 144 किलोमीटर पूर्व में समुद्र में 20 किलोमीटर की गहराई में रहा। इस शहर की आबादी लगभग 1.8 लाख है और भूकंप के झटकों से लोग घरों से बाहर निकल आए। इससे पहले उसी क्षेत्र में 6.7 तीव्रता का एक और भूकंप दर्ज किया गया था। भूकंप के झटके लगातार महसूस किए गए, जिससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र (जीएफजेड) ने भी पुष्टि की है कि कामचातका तट के पास समुद्र में 6.6 और 6.7 तीव्रता के दो शक्तिशाली भूकंप आए। दोनों की गहराई 10 किलोमीटर मापी गई है। भूवैज्ञानिकों के अनुसार, भूकंप के तुरंत बाद तीव्रता में मामूली बदलाव संभव होता है। फिलहाल किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन भूकंप की तीव्रता और सुनामी की चेतावनी को देखते हुए प्रशासन सतर्क हो गया है।

# ईरान के परमाणु कार्यक्रम को मिट्टी में मिला देना चाहती थी अमेरिकी सेना, ट्रंप ने नहीं दी मंजूरी



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी सेना ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह से नष्ट करने के लिए एक विस्तृत और लंबी योजना तैयार की थी। योजना के तहत, ईरान के मुख्य परमाणु स्थलों जैसे नतांज, फोर्दो, और इस्फहान पर एक रात के लिए नहीं, बल्कि हफ़्तों तक लगातार अमेरिकी हमले होने थे। हालाँकि, तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस योजना को मंजूरी नहीं दी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सीईएनटीसीओएम) प्रमुख जनरल एरिक कुरिला ने योजना तैयार की थी। इस योजना में ईरान के छह परमाणु स्थलों को बार-बार निशाना बनाने का प्रस्ताव था, जो ऑपरेशन मिडनाइट हैमर से कहीं अधिक बड़ा और व्यापक होता।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह से ख़त्म करना था। इसमें ईरान की मिसाइल रक्षा प्रणाली और बैलिस्टिक मिसाइल क्षमताओं को भी निशाना बनाना शामिल था। हालांकि, इस तरह की कार्रवाई से ईरान में बड़े पैमाने पर नागरिकों के हताहत होने की आशंका थी। इसके अलावा, अमेरिका को डर था कि ईरान इन हमलों के जवाब में इराक और सीरिया में अमेरिकी ठिकानों पर हमला कर सकता था।

राष्ट्रपति ट्रंप ने योजना को यह कहते हुए ख़ारिज कर दिया कि यह एक लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष को जन्म दे सकती थी, इससे क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता को खतरा होता। ट्रम्प अपनी विदेश नीति में अमेरिका को विदेशी संघर्षों से निकालने पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे, न कि इनमें और गहराई से उतरने पर। एक सूत्र के अनुसार, हम अपने विकल्पों पर पूरी तरह से विचार करने को तैयार थे, लेकिन राष्ट्रपति ऐसा नहीं चाहते थे।

यह योजना जो बाइडेन के प्रशासन के कार्यकाल के अंत में तैयार की गई थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि ईरान में जिन तीन परमाणु संवर्धन स्थलों पर पहले हमला किया गया था (शायद रिपोर्ट हाल ही में हुए ईरान-इज़राइल युद्ध के संदर्भ में पुरानी जानकारी को मिला रही है, क्योंकि यहां 21 जून की तारीख दी गई है जो भविष्य की तारीख है), उनमें से केवल एक ही लगभग नष्ट हुआ था। अमेरिकी अधिकारियों का मानना था कि फोर्डो पर हमला महत्वपूर्ण था और इससे वहां के संवर्धन सुविधा के काम को 2 साल तक पीछे धकेला जा सकता था। हालांकि, बमबारी से नतांज और इस्फहान को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ था।

## गाजा का बेत हनून बना राख का ढेर, इजरायली एयरस्ट्राइक से 700 साल पुराना शहर तबाह

गाजा। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) के रविवार को किए गए ताजा हवाई हमलों में गाजा पट्टी का ऐतिहासिक शहर बेत हनून पूरी तरह से मिट्टी में मिल गया है। बताया जा रहा है कि इस हमले में 700 साल पुराने ऐतिहासिक ढांचे भी जमींदोज हो गए हैं। अब इस शहर में कोई भी इमारत शेष नहीं बची है, जिससे इसे अब राख का ढेर बताया जा रहा है। गाजा के उत्तर-पूर्वी छोर पर स्थित बेत हनून सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से फिलिस्तीन का एक अहम नगर रहा है। लेकिन आईडीएफ द्वारा की गई ताबड़तोड़ बमबारी और जमीनी कार्रवाई के बाद अब यह पूरा इलाका एक खंडहर में तब्दील हो चुका है। पहले इस शहर में हजारों की संख्या में लोग रहते थे, मगर अब यहां जीवन का कोई चिन्ह तक नहीं दिखाई देता। ऑस्ट्रेलियन यहूदी संघ (एजेए) के पूर्व प्रमुख द्वारा सोशल मीडिया पर दिया गया बयान बेत हनून अब शहर ही नहीं रहा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीव्र आलोचना का विषय बना हुआ है। कई मानवाधिकार संगठनों और विशेषज्ञों ने इस टिप्पणी को असंवेदनशील और अमानवीय बताया है। इस भयावह त्रासदी के बाद संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक एजेंसियों ने इस पूरे घटनाक्रम की स्वतंत्र जांच की मांग की है। साथ ही, सभी पक्षों से युद्धविराम और नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की गई है। बेत हनून की बर्बादी ने गाजा संघर्ष में हो रहे मानवीय संकट और सांस्कृतिक विरासत के नुकसान को एक बार फिर वैश्विक बहस के केंद्र में ला दिया है।

## जंग से परेशान हुए जेलेंस्की, रुस की तरफ बढ़ाया सीजफायर के लिए हाथ



**-कहा- लंबे समय की शांति स्थापित करने के लिए आधिकारिक बैठक जरूरी**

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन के कई हिस्सों पर रूस के हमलों के बाद अब यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की बदले नजर आ रहे है। जेलेंस्की ने रूस से सीजफायर के लिए हाथ बढ़ाया है। जेलेंस्की का कहना है कि वह अगले हफ्ते युद्धविराम पर बातचीत कर सकते हैं। दरअसल यूक्रेन के विदेश मंत्री ने जेलेंस्की को एक रिपोर्ट सौंपी है, जिसमें कई मुद्दे शामिल हैं। जेलेंस्की का कहना है कि उनकी सरकार अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों पर भी तेजी से काम कर रही है।

बता दें शनिवार को देश को ... हा ... है। ... व ... की ... क आधिकारिक बैठक जरूरी है। हाल ही में यूक्रेन ने पूर्व रक्षा मंत्री को राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा परिषद का दारोमदार सौंपा है। उन्हीं की अगवाई में रूस और यूक्रेन के बीच सीजफायर की बात शुरू हुई है। हालांकि, दोनों देशों के बीच पहले दौर की बातचीत विफल रही थी।

सीजफायर की शर्त में रूस ने यूक्रेन के सामने कई बड़ी मांगें रखी हैं, जिसमें रूस के द्वारा कब्जा किए गए यूक्रेन के 4 क्षेत्रों को भी सौंपने की बात कही थी। यूक्रेन ने रूस की सभी मांगों को स्वीकार करने से साफ इनकार कर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस को सीजफायर के लिए 50 दिन का समय दिया है। ट्रंप का कहना है कि अगर 50 दिन के अंदर रूस सीजफायर नहीं करता है तो उसे 100 फीसदी टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। साथ ही रूस से व्यापार करने वाले देशों पर भी 500 फीसदी का टैरिफ लगा दिया जाएगा।

# 2 अगस्त 2027 को दुनिया के कई देशों में छा जाएगा अंधेरा

**-100 साल बाद पड़ेगा पूर्ण सूर्यग्रहण, भारत में नहीं आएगा नजर**



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** पूर्ण सूर्य ग्रहण 2027 में लगेगा, जिसे सदियों में एक बार लगने वाला ग्रहण कहा जा रहा है। यूरोप, उत्तरी अफ्रीका और अरब के कुछ हिस्सों में 2 अगस्त, 2027 को ये दुर्लभ पूर्ण सूर्यग्रहण दिखाई देगा। इस ग्रहण की खास बात इसका समय होगा। यह सूर्य ग्रहण 6 मिनट 23 सेकंड तक रहेगा। इससे यह करीब 100 साल का सबसे लंबा चलने वाला सूर्य ग्रहण होगा।

जानकारी के मुताबिक 2 अगस्त, 2027 का सूर्य ग्रहण खास होगा। दुनिया के बड़े हिस्से के लिए इस दौरान सूर्य आंखों से पूरी तरह ओझल हो जाएगा। दुनिया करीब छह मिनट के लिए अंधेरे में डूब जाएगी। यह सैकड़ों सालों के इतिहास का सबसे लंबा सूर्य ग्रहण होगा। अभी तक इतिहास का सबसे लंबा पूर्ण सूर्य ग्रहण 743 ईसा पूर्व हुआ था, जब 7 मिनट 28 सेकंड के लिए अंधेरा छा गया था। 2 अगस्त, 2027 में होने वाला सूर्य ग्रहण का पूर्ण पथ 275 किलोमीटर चौड़ा है। ऐसे में यह कई महाद्वीपों को कवर करेगा। अफ्रीका के ज्यादातर देशों से इसे देखा जा सकेगा। यह सूर्य ग्रहण अटलांटिक महासागर से शुरू होकर जिब्राल्टर जलडमरूमध्य, दक्षिणी स्पेन, उत्तरी अफ्रीका से अरब प्रायद्वीप तक जाएगा। हालांकि हिंद महासागर के ऊपर यह धुंधला नजर आएगा। यह पूर्ण सूर्य ग्रहण सबसे पहले दक्षिणी स्पेन, जिब्राल्टर और मोरक्को में दिखाई देगा। इसके बाद अल्जीरिया, ट्यूनीशिया, लीबिया और मिस्र में सूर्य ग्रहण तब होगा, जब वह आकाश में अपने उच्चतम बिंदु पर होगा। मिस्र के बाद सूर्य ग्रहण लाल सागर को पार करते हुए सऊदी अरब, यमन और सोमालिया में अंधेरा कर देगा। स्पेन के काडिज और मलागा शहरों में चार मिनट से ज्यादा तक पूरी तरह से अंधेरा छा जाएगा।

2 अगस्त, 2027 का सूर्यग्रहण भारत और आसपास के देशों में दिखाई नहीं देगा। ऐसे में भारतीयों को निराशा हो सकती है। लीबिया का बेंगाजी इस सूर्य ग्रहण को देखने के लिए एक अच्छा स्थान होगा। मिस्र के ऐतिहासिक शहर लक्सर के पास छह मिनट तक घना अंधेरा रहेगा। इटली का लैम्पेडुसा द्वीप करीब पूरी तरह से ढका रहेगा। सऊदी अरब के जेद्दा और मक्का, यमन और सोमालिया के कुछ हिस्से ग्रहण देखने वाले अंतिम स्थान होंगे। एक्सपर्ट का कहना है कि 2027 के बाद इस तरह का सूर्य ग्रहण शायद 2114 में नजर आएगा।

# सर्वे पढ़कर पीएम मेलोनी के उड़ गए होश-युवाओं ने साफ कहा हम नहीं लड़ेंगे जंग

**रोम,(एजेंसी)।** इटली को लेकर माना जा रहा है कि आने वाले 5 सालों में संभवत- उसे यद्ध लड़ना पड़े। ऐसी ही आशंकाओं के चलते इटली में एक सर्वो कराया गया। जिसमें 39 फीसदी युवा खुद को 'पैसिफिस्ट कॉन्शियसियस्ट ऑब्जेक्टर' कहना पसंद किया हैं, यानी वे किसी भी हाल में हथियार नहीं उठाना चाहते। 19 फीसदी ऐसे हैं जो सेना में भर्ती से बचने के लिए वैकल्पिक रास्ते ढूंढने के पक्ष में हैं। जबकि 16 प्रतिशत युवा ऐसे हैं जो वाकई युद्ध में हिस्सा लेने को तैयार हैं। यह इटली की पीएम जियोर्जिया मेलोनी के लिए चिंता वाली बात है। यह डेटा ऐसे समय में आया है जब रूस-यूक्रेन में युद्ध चल रहा है। एक ताजा सर्वे में खुलासा हुआ है कि हर तीन में से एक इटालियन नागरिक को डर है कि उनके देश को अगले पांच साल में किसी जंग का सामना करना पड़ सकता है। यह डेटा ऐसे समय में आया है जब रूस-यूक्रेन में युद्ध चल रहा है।'सेंटर फॉर सोशल इन्वेस्टमेंट स्टडीज' की रिपोर्ट में बताया गया है कि इटली की युवा पीढ़ी जो सोशल मीडिया, कला, शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दों पर ज्यादा फोकस रखती है अब 'शांति' को प्राथमिकता दे रही है। 39 फीसदी युवा खुद को 'पैसिफिस्ट कॉन्शियसियस्ट ऑब्जेक्टर' कहना पसंद करते हैं, यानी वे किसी भी हाल में हथियार नहीं उठाना चाहते। 19 फीसदी ऐसे हैं जो सेना में भर्ती से बचने के लिए वैकल्पिक रास्ते ढूंढने के पक्ष में हैं। 26 प्रतिशत लोग मानते हैं कि युद्ध की स्थिति में इटली को विदेशी सैनिकों की मदद लेनी चाहिए। यानी अब इटली में एक पीढ़ी है जो संघर्ष से नहीं, संवाद से समाधान चाहती है। इसके अलावा पिछले दस सालों में इटली ने अपने रक्षा बजट में 46 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। लेकिन सिर्फ 26 प्रतिशत नागरिकों को लगता है कि हथियारों से शांति आ सकती है। वहीं, 74 प्रतिशत लोग इस विचार को पूरी तरह नकारते हैं। इटली का प्रति व्यक्ति रक्षा खर्च 586 अमेरिकी डॉलर है, जो यूरोपीय औसत से कम है। उदाहरण के तौर पर ग्रीस 686 डॉलर खर्च करता है।

## हमीरगढ़ पुलिस ने 10,000 रुपये के इनामी को किया गिरफ्तार



किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा,** - पुलिस थाना हमीरगढ़ ने सात महीने से फरार चल रहे अवैध बजरी मामले के आरोपी रतनलाल जाट (उम्र 32, निवासी भैंसाकुंडल) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया था। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन व वृताधिकारी श्याम सुंदर के सुपरविजन में, थानाधिकारी संजय गुर्जर और साइबर सेल की टीम द्वारा की गई। आरोपी के खिलाफ पूर्व में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज है।

# ... पहुंचे फलस्तीनियों पर इजराइली ... बरसाईं गोलियां, 32 की मौत

**...ा के बाद भी इजराइल खाद्य सहायता पर पाबंदियां जारी रखीं**



...ने की ...कों पर ...कों ने ...म 32 ...जा के ...के पास ...जराइल ...ान की ...रात के ...लोगों ...दिया। ...री उस वक्त शुरू हुई जब लोग खाना लेने वहां गए थे, जहां पहले ही चेतावनी दी जा चुकी थी कि सुबह से पहले न आएं। बावजूद इसके भूख से बेहाल लोगों की भीड़ वहां पहुंच गई और उसके बाद जो हुआ, उससे पूरी दुनिया हैरान और दुखी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक एक चश्मदीद ने बताया कि वह सब पैदल चल रहे थे, तभी इजराइली टैंकों और ड्रोन से उन लोगों पर फायरिंग की गई। एक अन्य शख्स ने बताया कि फायरिंग सुबह 5 से 6 बजे के बीच हुई। इजराइली सेना ने खाना लेने आए लोगों को चारों तरफ से घेर लिया था, कोई भाग नहीं सकता था। खान यूनुस के नासिर अस्पताल में 25 शव लाए गए। वहीं रफा के पास शकूश इलाके में 7 और लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। अस्पताल में दवाइयों की भारी कमी है। वहीं जीएचएफ ताास्न ने कहा कि घटना उनकी साइट्स के पास नहीं हुई और उन्होंने पहले ही लोगों से रात में आने से मना किया था। वहीं इजरायली सेना का कहना है कि चेतावनी देने के बाद उन्होंने गोलियां चलाईं, लेकिन उन्होंने जगह का जिक्र नहीं किया।

बता दें अक्टूबर 2023 में हमास की ओर से इजराइल पर हमले के बाद यह युद्ध शुरू हुआ था, जिसमें अब तक गाजा में 58 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि इजराइल का कहना है कि हमास के पास उसके अभी भी 50 बंधक हैं। शांति वार्ता कतर में चल रही हैं लेकिन अब तक कोई ठोस नतीजे सामने नहीं आए हैं। गाजा में मानवीय त्रासदी बेहद भयावह होती जा रही है। 19 मई को आंशिक रूप से नाकाबंदी हटाने के बाद भी इजराइल ने खाद्य सहायता पर भारी पाबंदियां जारी रखी हैं। जुलाई में सामने आई रिपोर्टों के मुताबिक राहत शिविरों के पास 100 से ज्यादा लोगों की जान गई, काफिलों को रोका गया और 90 फीसदी गाजावासी गंभीर भुखमरी से जूझ रहे हैं। इस बीच तीन महीने के बच्चे की भूख और दूध न मिलने से मौत हो गई। गाजा में हालात इतने भयावह हैं कि लोग अब रेत में मिला हुआ आटा छान-छानकर खाने को मजबूर हैं।

# राजकुमार अलवलीद ने कहा अलविदा: सऊदी के स्लीपिंग प्रिंस ने ली आखिरी सांस



**रियाद (एजेंसी)।** दुनिया के सबसे अमीर घराने में जन्म सऊदी अरब के प्रिंस अलवलीद बिन खालिद पिछले 20 साल से तकलीफ झेल रहे थे। उनके इस शारीरिक कष्ट का अंत उनकी मृत्यु के साथ ही हुआ। 'स्लीपिंग प्रिंस' के नाम से पहचाने जाने वाले प्रिंस अलवलीद बिन खालिद बिन तलाल बिन अब्दुलअज़ीज़ अल सऊद पिछले करीब 20 सालों से कोमा में थे।

प्रिंस अलवलीद साल 2005 में लंदन स्थित एक सैन्य अकादमी में पढ़ाई के दौरान एक गंभीर सड़क दुर्घटना का शिकार हुए थे। इस हादसे में उन्हें सिर में गहरी चोट आई थी। डॉक्टरों ने उनका इलाज किया तो इसी दौरान उन्हें ब्रेन हैमरेज हुआ, जिससे वे कोमा में चले गए। तब से प्रिंस को वेंटिलेटर पर रखा गया था और वे कभी होश में नहीं लौटे। इस दुर्घटना के बाद जब से प्रिंस अलवलीद कोमा में गए, तब से उन्हें बेहतरीन मेडिकल सुविधाएं दी गईं लेकिन वे वापस नहीं लौट पाए। वे इस स्थिति में उन्होंने 20 साल लंबा वक्त बिताया। यही वजह है कि उन्हें स्लीपिंग प्रिंस कहा गया, जो सारी सुख-सुविधाओं के बावजूद कभी भी इसका इस्तेमाल नहीं कर पाए। किसी भी परिवार के लिए अपने बेटे को इस हालत में देखना आसान नहीं है लेकिन उनके पिता ने दो दशकों तक इस बात का इंतजार किया कि प्रिंस की नींद खुलेगी, पर ऐसा नहीं हुआ। आखिरकार प्रिंस खालिद बिन तलाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिये अपने बेटे के निधन की पुष्टि की। उन्होंने एक इमोशनल मैसेज में लिखा - अल्लाह की मर्ज़ी और तक़दीर में विश्वास रखते हुए, गहरे दुख के साथ हम अपने बेटे के निधन की सूचना दे रहे हैं।

उनके पिता, प्रिंस खालिद बिन तलाल ने पिछले दो दशकों में अपने बेटे की देखभाल में कोई कसर नहीं छोड़ी। हर साल रमज़ान, ईद और अन्य धार्मिक अवसरों पर वह अपने बेटे की सलामती के लिए दुआ करते रहे। कई बार उन्होंने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट भी लिखे। इस साल बकरीद के तीसरे दिन भी वह अपने अन्य बेटों के साथ अस्पताल पहुंचे और अलवलीद के लिए दुआ मांगी।

प्रिंस अलवलीद का नमाज़-ए-जनाज़ा आज अदा किया जाएगा, जो पुरुषों के लिए असर की नमाज़ के बाद इमाम तुर्की बिन अब्दुल्लाह मस्जिद, रियाद में और महिलाओं के लिए जुहर की नमाज़ के बाद किंग फ़ैसल स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में है। शोक संवेदनाएं 22 जुलाई तक स्वीकार की जाएंगी, जो प्रिंस अलवलीद बिन तलाल के अल-फखरियाह स्थित महल में होंगी। प्रिंस अलवलीद के निधन से पूरे सऊदी अरब में शोक की लहर है।

# बांग्लादेश में कई संगठनों के सदस्यों ने सड़कों पर लगाए 'जिहाद' के समर्थन में नारे



**-इन संगठनों को आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के चलते किया था बैन**

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में आवामी लीग सरकार के पतन के बाद उग्रवादी और प्रतिबंधित संगठनों की गतिविधियां एक बार फिर से दिखाई देने लगी हैं। शुक्रवार को ढाका में हिज्ब उत-तहरीर, विलायाह बांग्लादेश, अंसार अल-इस्लाम और जमात-ए-इस्लामी जैसे इस्लामी जिहादी संगठनों के सदस्यों ने 'जिहाद' के समर्थन में नारे लगाए और खुद को ÷जिहादी÷ बताया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पूर्ववर्ती आवामी लीग सरकार के दौरान इन संगठनों को देशव्यापी बम धमाकों और आतंकी गतिविधियों में संलिप्तता के चलते प्रतिबंधित किया गया था। कागजों में ये संगठन अब भी प्रतिबंधित हैं, लेकिन ये खुलेआम स्लोगन और पोस्टर के जरिए से सक्रिय हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सैकड़ों ऐसे लोग जिन्हें आतंकवाद से जुड़े मामलों में आरोपी बनाया गया था, उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया है। जेल विभाग के मुताबिक अब तक 300 से ज्यादा जिहादी जेल से बाहर आ चुके हैं, जिनमें कई को उम्रकैद की सजा भी सुनाई गई थी।

रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि इन जिहादी समूहों के सदस्य ढाका के कई जिलों से आए थे और उन्होंने जिहाद चाहिए, जिहाद से जीना है, नारा-ए-तकबीर, अल्लाहु अकबर, कौन हैं हम? मिलिटेंट, मिलिटेंट जैसे नारे लगाए। पिछले 11 महीनों में सिर्फ जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश से जुड़े 148 आरोपी जमानत पर रिहा किए गए हैं। इनमें कई नाम पूर्व सरकार द्वारा चिन्हित आतंकी संगठनों जैसे हर्कत-उल-जिहाद, अंसारुल्लाह बांग्ला टीम, हिज्ब उत-तहरीर, हमजा ब्रिगेड से जुड़े रहे हैं। अंसारुल्लाह बांग्ला टीम के प्रमुख माने जाने वाले मुफ्ती जसीमुद्दीन रहमानी को भी सत्ता परिवर्तन के बाद जमानत मिली।

इसी बीच जमात-ए-इस्लामी शनिवार को ढाका में सुहरावर्दी उद्यान में एक राष्ट्रीय रैली का आयोजन किया। शुक्रवार से ही पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक राजधानी में इकट्ठा हो गए थे। कई स्थानों पर पारंपरिक कपड़ों में तो कुछ सफेद टी-शर्ट पहनकर नजर आए, जिन पर लिखा था पहला वोट लूटेरों के खिलाफ, वोट दो तराजू को।



# एक पांव नहीं पर हौसले बुलंद, अरुणिमा ने एवरेस्ट समेत पांच महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों पर फहराया तिरंगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली भारतीय दिव्यांग खिलाड़ी अरुणिमा सिन्हा की कहानी सिर्फ एक पर्वतारोही की विजय गाथा नहीं, बल्कि दृढ़ निश्चय, साहस और आत्मविश्वास की ऐसी मिसाल है, जो हमें सिखाती है कि हालात कितने भी कठिन क्यों न हों, अगर इरादे मजबूत हों तो कोई भी लक्ष्य नामुमकिन नहीं होता। उन्होंने अपनी सबसे बड़ी कमजोरी को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया और दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी को फतह किया। आज अरुणिमा लाखों लोगों के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने दुनिया की पांच अन्य महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों पर फतह हासिल की और तिरंगा फहराया।

■ दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी को फतह कर बनीं पहली भारतीय दिव्यांग महिला खिलाड़ी



## लूटपाट की हुई शिकार, खोया एक पैर

अरुणिमा सिन्हा का जन्म 20 जुलाई 1989 को उत्तर प्रदेश के अंबेडकरनगर जिले के पंडाटोला मोहल्ले में हुआ था। बचपन से ही उन्हें खेल-कूद में गहरी रुचि रही। वह वॉलीबॉल की खिलाड़ी थीं और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी इस प्रतिभा के बल पर पहचान बनाई। हालांकि, अरुणिमा की जिंदगी में एक बहुत ही दर्दनाक मोड़ तब आया, जब अप्रैल 2011 में वह लखनऊ से दिल्ली की यात्रा कर रही थीं। एक सोने की चेन के लिए कुछ बदमाशों ने उन्हें चलती ट्रेन से फेंक दिया था। हादसे में उनके दोनों पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके थे और डॉक्टरों को मजबूरन उनका एक पैर काटना पड़ा। उनकी जगह कृत्रिम पैर लगाया गया। इस दर्दनाक हादसे ने अरुणिमा का हौसला तोड़ने के बजाए उन्हें और मजबूत कर दिया। कुछ ही महीनों में जब उनकी तबीयत में सुधार हुआ, तो उन्होंने एक ऐसा निर्णय लिया, जिसने पूरी दुनिया को चौंका दिया। उन्होंने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने का संकल्प लिया।

## अंटार्कटिका के सबसे ऊंचे शिखर माउंट विन्सन पर तिरंगा फहराया

सिर्फ दो साल के भीतर, 2013 में अरुणिमा सिन्हा ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई कर इतिहास रच दिया। वह दुनिया की पहली दिव्यांग महिला बनीं, जिसने एवरेस्ट फतह किया। इस कठिन यात्रा के दौरान उनके कृत्रिम पैर से खून बहता रहा, वे बार-बार गिरीं, लेकिन हर बार उठीं और आगे बढ़ती रहीं। अरुणिमा का सफर यहीं नहीं रुका. एवरेस्ट के बाद उन्होंने पांच अन्य महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों में शामिल माउंट किलिमंजारो (अफ्रीका), माउंट कोजिअस्को (ऑस्ट्रेलिया), माउंट अकोंकागुआ (दक्षिण अमेरिका), कार्स्टेन्ज पिरामिड (इंडोनेशिया) और माउंट एल्ब्रुस (यूरोप) पर भी चढ़ाई की। यही नहीं, उन्होंने अंटार्कटिका के सबसे ऊंचे शिखर माउंट विन्सन पर भी तिरंगा फहराया। अरुणिमा सिन्हा का यह पूरा सफर उनके धैर्य, दृढ़ता और दृढ़ विश्वास की कहानी को दर्शाता है।

## खबर संक्षेप



### तैराक नटराज ने किया सेमीफाइनल क्वालीफाई

**बर्लिन।** तैराक श्रीहरि नटराज ने रविवार को विश्व विश्वविद्यालय खेलों में पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय' बेहतर करते हुए 49.46 सेकेंड का समय निकाला और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। नटराज ने ग्वांग्झू एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता वीरधवल खाड़े के 2008 में बनाए गए 49.47 सेकेंड के समय से बेहतर प्रदर्शन किया। नटराज ने हीट नंबर 6 रेस जीती और कुल मिलाकर 12वें स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### भाटिया संयुक्त 34वें और राय संयुक्त 44वें स्थान पर



**पोर्टरश।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने ब्रिटिश ओपन के तीसरे दौर में एक-अंडर 70 का स्कोर किया, जिससे वह संयुक्त 34वें स्थान पर आ गए हैं। भाटिया ने सातवें और नौवें होल पर दो बर्डी लगाई लेकिन आखिरी नौ होल में वह दो बोगी कर बैठे। भारतीय मूल के ब्रिटिश गोल्फर आरोन राय शुरुआती दो दौर की लय को बरकरार नहीं रख पाए और पार 71 का कार्ड खेलने के बाद 18 स्थान नीचे खिसक कर संयुक्त रूप से 44वें स्थान पर आ गए।

### आठ देशों को मिले आईसीसी डेवलपमेंट पुरस्कार

**सिंगापुर।** नेपाल और भूटान समेत आठ देशों ने आईसीसी डेवलपमेंट पुरस्कार 2024 में शीर्ष पुरस्कार हासिल किए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने रविवार को अपनी सालाना बोर्ड बैठक में यह जानकारी दी। अमेरिका को आईसीसी एसोसिएट सदस्य वर्ष की पुरूष टीम के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का पुरस्कार मिला। अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए टी20 विश्व कप 2024 में अमेरिकी टीम सुपर आठ चरण तक पहुंची थी। अमेरिका ने कनाडा और पाकिस्तान को हराकर सनसनी फैला दी थी। अमेरिका, नेपाल और भूटान के अलावा इंडोनेशिया, नामीबिया, स्कॉटलैंड, तंजानिया और वानुआतू को भी पुरस्कार मिले।

### मुक्केबाजी: निशांत देव ने इवांस को हराया



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने पेशेवर सर्किट पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिका के फ्रिस्को में स्थानीय मुक्केबाज लाकुआन इवांस को तकनीकी नॉकआउट आधार पर हराया। 24 वर्ष के निशांत ने सुपर वेल्टरवेट मुकाबले के छठे दौर में जीत दर्ज की, जो पेशेवर सर्किट पर उनकी लगातार तीसरी जीत है। निशांत ने लगातार घूंसे बरसाए, जिसके बाद रैफरी ने एक मिनट 58 सेकंड के बाद मुकाबला रोक दिया।

मैनचेस्टर टेस्ट में तोड़ सकते हैं 19 साल पुराना रिकॉर्ड, मोहम्मद यूसुफ को छोड़ देंगे पीछे

# गिल इंग्लैंड के खिलाफ एक सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले एशियाई बल्लेबाज बनने से 25 रन दूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में जबरदस्त लय में नजर आ रहे हैं। दोनों टीमों के बीच टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। इस मैच में भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के पास इतिहास रचने का मौका होगा। वह इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले एशियाई बल्लेबाज बन सकते हैं। ऐसा करने के लिए उन्हें मैनचेस्टर टेस्ट में सिर्फ 25 रन और बनाने होंगे। उन्होंने तीन मैचों में 600 से अधिक रन बना लिए हैं।

## तोड़ सकते हैं युसूफ का रिकार्ड

इंग्लैंड के खिलाफ एक द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड एशियाई बल्लेबाजों के बीच पाकिस्तान के मोहम्मद युसूफ के नाम है। उन्होंने साल 2006 में इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में 631 रन बनाए थे। वहीं गिल इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में तीन मैचों की 6 पारियों में 607 रन बना चुके हैं। उन्हें युसूफ के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए चौथे टेस्ट मैच में 25 रन और बनाने होंगे। इस सीरीज में अब तक गिल एक दोहरा शतक और दो शतक जड़ चुके हैं। उनका हाईएस्ट स्कोर 269 रन है। अगर वह चौथे टेस्ट में 25 रन बना लेते हैं तो वह मोहम्मद युसूफ का 19 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ देंगे।



## जायसवाल का रिकॉर्ड खतरे में

इस मैच में शुभमन गिल के पास कुछ और भी रिकॉर्ड अपने नाम करने का मौका होगा। मैनचेस्टर टेस्ट मैच में गिल अगर 146 रन बना लेते हैं तो वह भारत और इंग्लैंड के बीच एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। यह रिकॉर्ड फिलहाल इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ग्राहम गूच के नाम है। उन्होंने 1990 में एक सीरीज में 752 रन बनाए थे। गिल इसके साथ ही इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन सकते हैं। उनके पास यशस्वी जायसवाल को पीछे छोड़ने का मौका है। 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में जायसवाल ने 712 रन बनाए थे। गिल को जायसवाल से आगे निकलने के लिए 106 रन और बनाने होंगे। अब इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट मैच में गिल कितने रिकॉर्ड अपने नाम करते हैं ये देखना दिलचस्प होगा।

## बुमराह के पास ईशांत को पीछे करने का मौका

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अपने नाम एक खास रिकॉर्ड बना सकते हैं। वह एक विकेट लेते ही इंग्लैंड में अपने 50 टेस्ट विकेट पूरे कर लेंगे और खास अर्धशतक लगा देंगे। बुमराह ने अभी तक इंग्लैंड की धरती पर 11 टेस्ट मुकाबले खेले हैं, जिसमें 49 विकेट हासिल किए हैं। अगर वह चौथे टेस्ट मैच में तीन विकेट लेने में कामयाब हो जाते हैं, तो वह ईशांत शर्मा को पीछे करके इंग्लैंड में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन जाएंगे। ईशांत ने इंग्लैंड में कुल 51 विकेट हासिल किए हैं। जिस तरह की फॉर्म में बुमराह चल रहे हैं। उससे वह आसानी से ईशांत को पीछे कर सकते हैं। फिर वह टॉप पर होंगे और नंबर-1 का ताज हासिल कर लेंगे।

अंशुल कम्बोज को किया गया शामिल

# टीम इंडिया में मैनचेस्टर टेस्ट से पहले बदलाव

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

इंग्लैंड के खिलाफ 23 जुलाई से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट के लिए फिट होने की कोशिशों में जुटे आकाश दीप और अर्शदीप सिंह के कवर के तौर पर तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। ग्रोइन की चोट से जूझ रहे आकाश दीप ने दूसरा और तीसरा टेस्ट खेला था जबकि अर्शदीप इस श्रृंखला में अभी तक नहीं खेल सके हैं।

■ आकाश दीप, अर्शदीप के कवर के तौर पर कम्बोज खेलेंगे चौथा टेस्ट

आकाश दीप की उपलब्धता पर कोई स्पष्टता नहीं है जबकि अर्शदीप का मैनचेस्टर टेस्ट में खेलना मुश्किल ही लग रहा है, जिसकी वजह से चयनकर्ताओं ने कम्बोज को बुलाया। अर्शदीप को नेट सत्र के दौरान साइ सुदर्शन का एक शॉट बचाते समय बायें हाथ में चोट लगी थी। सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा था,' हम मैनचेस्टर टेस्ट पास आने पर टीम संयोजन के बारे में फैसला लेंगे, खासकर अर्शदीप की स्थिति को ध्यान में रखते हुए।' उन्होंने कहा था,' उसे कट लगा है लेकिन देखना है कि यह कितना गहरा है। मेडिकल टीम उसे डॉक्टर के पास ले गई है और देखना है कि उसे टांके आते हैं या नहीं।'



## अंशुल ने नॉर्थम्पटन और कैंटरबरी में चार पारियों में पांच विकेट लिए

*कम्बोज ने टेस्ट श्रृंखला से पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों में भारत ए के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने नॉर्थम्पटन और कैंटरबरी में चार पारियों में पांच विकेट लिए। उन्होंने पिछले साल केरल के खिलाफ लाहली में रणजी ट्रॉफी मैच में हरियाणा के लिए एक पारी के दस विकेट चटकाए थे। वह बंगाल के प्रेमांग्शु चटर्जी (1956.57) और राजस्थान के प्रदीप सोमासुंदरम (1985.86) के बाद यह कारनामा करने वाले तीसरे गेंदबाज बने थे। उन्होंने पिछले सत्र में छह रणजी मैचों में 34 विकेट लिए थे।*

बैडमिंटन

# भारत ने हांगकांग को हराया, ग्रुप डी में शीर्ष पर, अब जापान से भिड़ंत



एजेंसी ▶▶| सोलो (इंडोनेशिया)

भारत ने रविवार को बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में हांगकांग चीन को 110-100 से हराकर अपना विजय अभियान जारी रखा और ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत और हांगकांग दोनों इस मैच से पहले ही नॉक-आउट चरण में अपनी जगह पक्की कर चुके थे। रुजुला रामू ने आईपी सुम याउ को 11-8 से हराकर एक बार फिर भारत को जीत से शुरुआत कराई। इसके बाद भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की दुनिया की छठे नंबर की युगल जोड़ी ने चेउंग साई शिंग और देंग ची फाई के खिलाफ बढ़त 22-13 कर दी। हांगकांग के लाम का तो ने 13 अंक बनाकर अपनी टीम को अंतर कम करने में मदद की लेकिन रौनक चौहान भारत को 33 अंक तक ले गए। पांच मैचों के बाद दोनों टीमों के बीच 55-49 के स्कोर से छह अंक का अंतर था। फिर जूनियर विश्व नंबर एक खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने दूसरे बालिका एकल में लियू होई किउ अन्ना पर दबदबा बनाते हुए 66-54 से बढ़त बनाकर भारत को एक बार फिर बढ़त दिला दी। हालांकि अगले चार मैच बराबरी के रहे, पर भारत ने बढ़त बनाए रखी और ग्रुप में शीर्ष पर रहते हुए सोमवार को होने वाले क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जिसमें उसका सामना जापान से होगा। जापान ग्रुप ए में थाईलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहा।भारत ने मिश्रित टीम स्पर्धा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2011 में किया था, जिसमें उसने कांस्य पदक जीता था। पिछले साल भारत क्वार्टर फाइनल में मलेशिया से 2-3 से हारकर पदक से चूक गया था।

■ बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़िया का बेहतर प्रदर्शन

## शतरंज : कार्लसन तीसरे स्थान के लिए अमेरिकी खिलाड़ी नाकामुरा से भिड़ेंगे

**लास वेगास (अमेरिका)।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने लय में वापसी करते हुए फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में अर्जुन एरिगेसी को 2-0 और आर प्रज्ञानानंदा को 3-1 से शिकस्त दी। अब 750,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट के फाइनल में हैंस मोके नीमन का सामना अमेरिका के लेवोन अरोनियन से होगा जबकि कार्लसन तीसरे स्थान के लिए दुनिया के दूसरे नंबर के अमेरिकी खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा से भिड़ेंगे। कार्लसन के लिए दोनों मैच काफी रोमांचक रहे क्योंकि इससे पहले प्रज्ञानानंदा ने उन्हें टूर्नामेंट जीतने का मौका हासिल करने से महरूम कर दिया था। भारतीय खिलाड़ी ने इस मिनी-मैच के पहले गेम में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत की लेकिन नॉर्वे के खिलाड़ी ने 'रिटर्न गेम' में वापसी की और जीत हासिल कर टूर्नामेंट में वापसी की। वहीं अर्जुन ने पहले गेम में बढ़त हासिल की लेकिन इसे कायम नहीं रख सके जबकि दूसरे गेम में कार्लसन सर्वश्रेष्ठ साबित हुए।



## महिला यूरो 2025



**बेसल।** स्विट्जरलैंड के बेसल में सेंट जैकब-पार्क में फ्रांस और जर्मनी के बीच महिला यूरो 2025 क्वार्टर फाइनल फुटबॉल मैच जीतने के बाद जश्न मनाती जर्मनी की खिलाड़ी।

स्टार लांग जंपर मुरली ने पुर्तगाल एथलेटिक्स मीट में जीता खिताब

# श्रीशंकर ने लगाई 7.75 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के स्टार लांग जंपर मुरली श्रीशंकर ने पुर्तगाल के माइया में विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर के कांस्य स्तर के टूर्नामेंट मीटिंग माइया सिडाडे डो डेसपोर्टो में 7.75 मीटर की कूद लगाकर खिताब जीत लिया।
एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने दूसरे दौर में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। उन्होंने 7.63 मीटर की कूद के साथ शुरूआत की और दूसरे दौर में 7.75 मीटर की कूद लगाई। तीसरी कूद में उन्होंने 7.69 मीटर का फासला नापा। अगला प्रयास फाउल रहा और इसके बाद 6.12 और 7.58 मीटर की कूद लगाई। पोलैंड के पियोत्र तारकोवस्की ने भी 7.75 मीटर की कूद लगाई लेकिन उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास 7.58 मीटर था, जो श्रीशंकर के 7.69 मीटर से कम था। विश्व एथलेटिक्स के नियमों के अनुसार अगर दो खिलाड़ियों में टाई होता है तो दूसरी वैध कूद को टाइब्रेकर माना जाता है।
घुटने के आपरेशन के कारण लंबे समय खेल से दूर रहे श्रीशंकर ने इस महीने की शुरूआत में इंडियन ओपन एथलेटिक्स मीट के जरिए वापसी की है। उनकी नजरें सितंबर में टोकियो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने पर लगी है, जिसके लिए स्वतः क्वालीफिकेशन मार्क 8.27 मीटर है। वह 14 अगस्त तक यूरोप और मध्य एशिया में टूर्नामेंट खेलेंगे, जिसके लिए सरकार ने 5.58 लाख रुपए मंजूर किए हैं।

14 अगस्त तक यूरोप और मध्य एशिया में खेलेंगे टूर्नामेंट



## 8 मीटर का आंकड़ा कर चुके हैं पार

26 वर्षीय मुरली श्रीशंकर ने अपनी छलांग की शुरुआत 7.84 मीटर से की, फिर इसे बेहतर करते हुए 7.99 मीटर तक पहुंचे। इसके बाद 8 मीटर का आंकड़ा पार किया। हालांकि, वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए क्वालिफिकेशन मार्क 8.27 मीटर है। लगभग दो साल पहले चीन के हांगझोउ में हुए 2023 एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने के बाद मुरली श्रीशंकर का यह पहला प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं संपादक प्रहलाद तेली के लिए मुद्रक अनिल राठी द्वारा अनिल प्रिन्टर्स एण्ड ऑफसेट, 5/एफ-2, न्यू हाउसिंग बोर्ड, शास्त्रीनगर, भीलवाड़ा 311001 (राज.) से मुद्रित एवं ऑफिस 957 वार्ड नंबर 24 धाकड़ मोहल्ला, शाहपुरा, भीलवाड़ा 311404 (राज.) से प्रकाशित। मो. नं. 9115108888, ई-मेल : kismatbhilwara@gmail.com (सभी प्रसंगों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा होगा)